# जागरण : नर्मदापुरम् : इटारसी : बैतूल : हरदा

www.dainikjagranmpcg.com

सिवनी-मालवा ✸ पिपरिया ✸ सोहागपुर ✸ मुलताई ✸ पांढुर्णा ✸ आमला ✸ टिमरनी ✸ खिरकिया

भोपाल 27 मई 2026


## न्यूज कार्नर

### 15 जून तक होंगे मूंग उड़द उपार्जन के पंजीयन

**जागरण नर्मदापुरम ।** मध्यप्रदेश शासन के किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के निर्देशानुसार ग्रीष्मकालीन मूंग एवं उड़द की फसल के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य पर उपार्जन हेतु किसानों का पंजीयन 25 मई 2026 से शुरू होगा। पंजीयन की अंतिम तिथि 15 जून 2028 निर्धारित की गई है। तत्संबंध में कलेक्टर नर्मदापुरम ने जिला आपूर्ति अधिकारी द्वारा जिले में गेहूं उपार्जन हेतु निर्धारित 132 पंजीयन केंद्रों को ही मूंग एवं उड़द उपार्जन के लिए भी अधिकृत किया गया है।

### जैन समाज ने रैली निकाली, सौंपा ज्ञापन



**जागरण सिवनी मालवा।** रीवा में जैन साध्वी आर्यिका माताजी के साथ हुई दर्दनाक सड़क दुर्घटना के विरोध में बानापुरा एवं सिवनी मालवा के सकल जैन समाज द्वारा विशाल रैली निकालकर साधु-संतों की सुरक्षा की मांग उठाई गई। समाजजनों ने नगर में रैली निकालते हुए तहसील कार्यालय पहुंचकर जिला प्रशासन के नाम ज्ञापन सौंपा और जैन संतों की सुरक्षा हेतु ठोस व्यवस्था किए जाने की मांग की। रैली में बड़ी संख्या में समाजजन शामिल हुए और साधु-संतों की सुरक्षा सुनिश्चित करो जैसे नारों के माध्यम से अपना विरोध दर्ज कराया। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष रितेश जैन भी उपस्थित रहे। ससे देशभर के जैन समाज में शोक और आक्रोश व्याप्त है। सकल जैन समाज ने ज्ञापन के माध्यम से प्रशासन से मांग की कि जैन साधु-संतों के विहार मार्ग पर सुरक्षा व्यवस्था मजबूत की जाए, संवेदनशील मार्गों पर यातायात नियंत्रण किया जाए तथा भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं।

### विधायक की अनुशंसा पर निर्माण राशि जारी

**जागरण नर्मदापुरम।** नर्मदापुरम विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा की अनुशंसा पर कलेक्टर सोमेश मिश्रा द्वारा विधायक निधि से 01 निर्माण कार्य के लिए 02 लाख रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है। जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय नर्मदापुरम के अनुसार नर्मदापुरम विधायक की अनुशंसा पर जनपद पंचायत नर्मदापुरम की ग्राम पंचायत साकेत में राहुल पटेल के घर से दिनेश सोलंकी के घर तक सीसी रोड व पुलिया निर्माण के लिए 02 लाख रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

### समस्या निराकरण नहीं होने से वार्डवासियों ने दोबारा दिया आवेदन

# जर्जर बारूदखाना बना खतरा, जनसुनवाई में शिकायत के नौ माह बाद भी नहीं हुई कार्रवाई



**जागरण सिवनी मालवा।** लगभग 9 माह पहले जनसुनवाई में दिए आवेदन पर अब तक कोई कार्रवाई नहीं होने से नाराज वार्डवासियों ने मंगलवार को फिर से जनसुनवाई में आवेदन देकर समस्या निराकरण की मांग की है। उल्लेखनीय है कि नगर के पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस परिसर में स्थित अंग्रेजों के जमाने का जर्जर बारूदखाना अब स्थानीय लोगों के लिए बड़ा खतरा बनता जा रहा है। इस गंभीर समस्या को लेकर वार्डवासियों ने मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में एक बार फिर अनुविभागीय अधिकारी के नाम ज्ञापन सौंपकर तत्काल कार्रवाई की मांग की।

ज्ञापन में बताया गया कि पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस के अंदर वर्षों पुराना एक बारूदखाना बना हुआ है, जिसे बाद में विभाग द्वारा सामान रखने के लिए स्टोर रूम के रूप में उपयोग किया जाने लगा था। समय के साथ यह भवन पूरी तरह जर्जर और क्षतिग्रस्त हो चुका है। टीनशेड और दीवारें टूट-फूट चुकी हैं तथा पूरा ढांचा खंडहर में तब्दील हो गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस खंडहरनुमा भवन में जहरीले कीड़े-मकोड़ों और विषैले जीवों ने डेरा जमा लिया है, जिससे आसपास रहने वाले लोगों और राहगीरों को हमेशा खतरा बना रहता है। लोगों का आरोप है कि पीडब्ल्यूडी अधिकारियों और कर्मचारियों को कई बार मौखिक और लिखित रूप से सूचना दी जा चुकी है, लेकिन विभाग की ओर से केवल आश्वासन ही दिए गए, कार्रवाई अब तक नहीं हुई। मंगलवार की जनसुनवाई में तहसीलदार नितिन झोड ने जब लोक निर्माण विभाग के कर्मचारी राजकुमार जकनोरे से मामले की जानकारी ली, तो वे संतोषजनक जवाब नहीं दे सके। इस पर उपस्थित लोगों ने नाराजगी जताई और कहा कि 9 महीने पहले हुई जनसुनवाई में भी यही कर्मचारी मौजूद थे, लेकिन समस्या अब तक जस की तस बनी हुई है। स्थानीय रहवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि जर्जर टीनशेड और खंडहर बने इस बारूदखाने को जल्द से जल्द हटाया जाए, ताकि किसी अप्रिय घटना से पहले लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। नागरिकों ने चेतावनी दी है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई और कोई दुर्घटना होती है, तो उसकी पूरी जिम्मेदारी संबंधित विभाग और अधिकारियों की होगी।

## जिला जनसुनवाई में कलेक्टर ने 171 आवेदकों की समस्याएं सुनकर किया उनका समाधान



**जागरण नर्मदापुरम।** मंगलवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय के रेवा सभा कक्ष में आयोजित जिला स्तरीय जनसुनवाई में नागरिकों की समस्याओं का संवेदनशीलता एवं तत्परता के साथ निराकरण किया गया। जनसुनवाई के दौरान कई आवेदकों की समस्याओं का मौके पर ही समाधान होने पर उन्होंने कलेक्टर सोमेश मिश्रा के प्रति आभार व्यक्त किया। मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में कुल 171 आवेदकों ने अपनी-अपनी समस्याएं कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत कीं। कलेक्टर श्री मिश्रा ने प्रत्येक आवेदक को बैठाकर उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना तथा संबंधित अधिकारियों को त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान सोहागपुर निवासी वंदना बेहेलिया द्वारा आर्थिक सहायता हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया। कलेक्टर ने रेडक्रॉस सोसाइटी के माध्यम से आवेदिका को आर्थिक सहायता राशि का चेक प्रदान किया। इस दौरान आवेदिका के साथ आए लगभग 3 वर्षीय बालक को देखकर, जिसके शरीर पर जलने के कारण गंभीर घाव थे, कलेक्टर ने तत्काल सीएमएचओ को बच्चे के समुचित उपचार की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार सोहागपुर निवासी मेहरूम सिंह ने पुत्र की मृत्यु उपरांत आर्थिक सहायता के लिए आवेदन प्रस्तुत किया, जिस पर कलेक्टर ने रेडक्रॉस सोसाइटी के माध्यम से आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई। ग्राम लोधड़ी के ग्रामीणों द्वारा नलजल योजना प्रारंभ कराने संबंधी आवेदन प्रस्तुत किया गया। मामले को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को एक सप्ताह के भीतर योजना सुचारू रूप से प्रारंभ करने के निर्देश दिए। इटारसी निवासी अनिल कुमार द्वारा प्रस्तुत आर्थिक सहायता आवेदन का परीक्षण कर कलेक्टर ने उन्हें भी तत्काल रेडक्रॉस सोसाइटी के माध्यम से आर्थिक सहायता राशि का चेक प्रदान किया। जनसुनवाई के दौरान जिला पंचायत सीईओ हिमांशु जैन, एडीएम अनिल जैन, अपर कलेक्टर बृजेंद्र रावत, संयुक्त कलेक्टर एवं सिटी मजिस्ट्रेट देवेंद्र सिंह, डिप्टी कलेक्टर डॉ बबीता राठौर, नीता कोरी, एसडीएम जय सोलंकी सहित अन्य जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

## सेमेरिटंस ने गोवा में लहराया परचम



**जागरण नर्मदापुरम।** हाल ही में गोवा में आयोजित 10वीं स्पोर्ट्स टूरिज्म ऑफ़ इंडिया नेशनल चैंपियनशिप में समेरिटंस स्कूल के छात्रों ने सफलता का परचम लहराया। समेरिटंस की टीम चैंपियनशिप में क्रिकेट में विजेता एवं वॉलीबॉल प्रतियोगिता में उपविजेता रही। जबकि कबड्डी में भी उपविजेता रहने का गौरव हासिल किया। टीम के कोच की भूमिका में विनोद कुमार साहू रहे। प्रतियोगिता में क्रिकेट में बेस्ट बैट्समैन का खिताब अथर्व दीक्षित को मिला एवं मैन ऑफ द सीरीज नमन मीना को प्राप्त हुआ। वॉलीबॉल में दक्ष को बेस्ट डिफेंडर का खिताब मिला एवं कबड्डी में बेस्ट डिफेंडर का किताब उत्कर्ष चौहान को मिला। इस उपलब्धि पर शाला के डायरेक्टर डॉ आशुतोष शर्मा, प्राचार्य प्रेरणा रावत, खेल प्रभारी डॉ. सचिन खंपरिया सहित समस्त खेल प्रेमियों ने बधाई एवं आशीर्वाद देकर उज्जवल भविष्य की कामना की।

## बच्चों को दी साइबर क्राइम की जानकारी



**जागरण सोहागपुर।** जवाहरलाल नेहरू स्मृति महाविद्यालय में चल रहे समर कैंप में सोमवार को पुलिस अधिकारियों ने बच्चों को विभिन्न जानकारी दी। इस दौरान एसडीएम प्रियंका भल्लावी, बीईओ राकेश उइके, एएसआई मनोज सिंह, एएसआई गणेश राय, खेल एवं युवा कल्याण विभाग से चंदा मिश्रा, अधिवक्ता जय चंदेल, जितेंद्र बैरागी, आशु राय, शिवम दुबे हर्ष डोंगरे सहित समस्त प्रशिक्षकगण उपस्थित रहे। एसडीएम ने खिलाड़ियों को साइबर क्राइम के बढ़ते मामलों, डिजिटल अरेस्ट, फिशिंग एवं ऑनलाइन ठगी से बचाव के उपायों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग पर बल दिया किसी भी प्रकार का नशा नहीं करने की सलाह दी गई एवं खेलों में आगे बढ़ाने के लिए उत्साहित किया। पुलिस की ओर से एएसआई मनोज सिंह एवं गणेश राय ने साइबर हेल्पलाइन की जानकारी देते हुए खिलाड़ियों को किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत सूचना देने हेतु प्रेरित किया। साथ ही बच्चों को गुड टच बेड टच की जानकारी दी गई।

## पूर्णिमा पर महाआरती



**जागरण नर्मदापुरम।** सेठानी घाट पर प्रति पूर्णिमा होने वाली नर्मदाजी की महाआरती गंगादशहरा के पावन पर्व पर पंच विप्रजनों द्वारा आचार्य रचित खड्डर के आचार्यत्व में सम्पन्न हुई। गंगादशहरा के पर्व पर नर्मदाजी के साथ गंगा जी की भी आरती हुई ।

### नपाध्यक्ष ने किया नाला निर्माण कार्य का निरीक्षण

**जागरण नर्मदापुरम।** नगरपालिका द्वारा नगर के समस्त नालों को पक्का किया जा रहा है। जिसके चलते आज समेरिटंस स्कूल से लेकर भोपाल तिराहे का नाला निर्माण कार्य चल रहा है। आज पटवारी कालोनी में हो रहे निर्माण कार्य का नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव द्वारा निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने नाले का बारीकी से अवलोकन किया तथा इंजीनियर्स से जानकारी ली। उपयंत्री रीना गुप्ता ने बताया कि नपाध्यक्ष श्रीमती यादव द्वारा किए गए निरीक्षण के दौरान नाले की हाइट बढ़ाने तथा समय सीमा में निर्माण कार्य करने के एजेंसी को निर्देश दिए। नपाध्यक्ष श्रीमती यादव ने बताया कि समेरिटंस स्कूल के पीछे से भोपाल तिराहे तक बन रहा नाला बहुत ही महत्वपूर्ण है इसके बनने से बारिश में बनने वाली बाढ़ की स्थिति छुटकारा मिल जाएगा। निरीक्षण में निर्माण एजेंसी को समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण कार्य करने के निर्देश दिए हैं।

## नपाध्यक्ष ने किया केपी यादव का स्वागत



**जागरण नर्मदापुरम।** खाद्य नागरिक निगम के अध्यक्ष केपी यादव के मंगलवार को नगरागमन पर नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं स्थानीय भाजपा नेताओं ने पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष सागर शिवहरे, पूर्व नपाध्यक्ष अखिलेश खंडेलवाल, भाजपा नेता रोहित गौर आदि अनेक भाजपा कार्यकर्तागण उपस्थित रहे। ध्यान रहे कि निगम अध्यक्ष श्री यादव यहां गंगा दशहरे पर आयोजित मां नर्मदा की महाआरती में शामिल होने के लिए आए थे।

## कलश यात्रा से भागवत कथा शुरू



**जागरण सिवनी मालवा।** बलराम पटेल कॉलोनी में संगीतमय भगवत कथा का सात दिवसीय आयोजन किया जा रहा है। कथा का शुभारंभ भव्य शोभा यात्रा से हुआ। शोभायात्रा कथा स्थल से प्रारंभ होकर विभिन्न मार्गों से होकर वापस कथा स्थल पहुंची। कथा स्थल पर नवग्रह पूजन के उपरांत दोपहर 3 बजे से भागवत कथा का शुभारंभ हुआ। कथा वाचक पंडित सतीश शर्मा ने पहले दिन भागवत कथा का महत्व बताते हुए कहा कि मृत्यु को जानने से मृत्यु का भय मन से मिट जाता है, जिस प्रकार परीक्षित ने भागवत कथा का श्रवण कर अभय को प्राप्त किया वैसे ही भागवत जीव को अभय बना देती है। पं. शर्मा ने कहा कि श्रीमद भागवत कथा परमात्मा का अक्षर स्वरूप है। यह परमहंसों की संहिता है, भागवत कथा हृदय को जागृत कर मुक्ति का मार्ग दिखाता है। अधिक मास में इसके श्रवण का महत्व है। भागवत कथा भगवान के प्रति अनुराग उत्पन्न करती है। यह ग्रंथ वेद, उपनिषद का सार रूपी फल है। यह कथा रूपी अमृत देवताओं को भी दुर्लभ है। मुख्य यजमान रामोतार राठौर ने सभी से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कथा का लाभ लेने का आग्रह किया है।

## राज्य निर्वाचन आयोग प्रेक्षक ने किया निरीक्षण



**जागरण सोहागपुर।** राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त प्रेक्षक निसार अहमद सेवानिवृत्त आईएएस ने मंगलवार को नगरीय निकाय और पंचायत की फोटो युक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण वर्ष 2026 की तैयारियों को लेकर निर्वाचन शाखा सोहागपुर का औचक निरीक्षण किया।

इस दौरान उनके साथ लायजनिंग अधिकारी कृष्णकांत परस्ते खनिज निरीक्षक विशेष रूप से उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान प्रेक्षक श्री अहमद ने मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य की प्रगति और व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया।

प्रेक्षक निसार अहमद ने अनुविभागीय एवं रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, पंचायत प्रियंका भलावी, नगरीय रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं तहसीलदार रामकिशोर झरबड़े, खंड पंचायत अधिकारी गौरीशंकर मेहरा , नप राजस्व निरीक्षक संजय परसाई से मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य के संबंध में चर्चा की । साथ ही निर्वाचन शाखा के संदीप कुशवाहा एवं सहायक प्रोग्रामर अमित कुमार मिश्रा से पुनरीक्षण की तैयारियों की जानकारी ली। प्रेक्षक ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि आयोग की मंशानुसार पूरी पारदर्शिता और शुद्धता के साथ मतदाता सूची तैयार की जाए, ताकि कोई भी पात्र नागरिक मतदान के अधिकार से वंचित न रहे।

## पटवारी संघ ने सौंपा ज्ञापन

**जागरण माखननगर।** तहसील पटवारी संघ में जायद गिरदावरी 2026 में आ रही समस्या को लेकर कलेक्टर के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में बताया कि शासन ने पूर्व में पंजीकृत सर्वेयरों की आईडी बंद कर दी है । जायद की गिरदावरी के लिए नए सर्वेयर नियुक्त करने के आदेश दिए हैं । ऐसे में इस आदेश से जायद गिरदावरी हेतु नियत समय में नए सर्वेयर नियुक्त करना एवं बिना किसी प्रशिक्षण के उनसे गिरदावरी कार्य करना अब व्यावहारिक है । पूर्व से पंजीकृत सर्वेयरों की आईडी बंद होने से पटवारी को गिरदावरी का कार्य करना पड़ेगा । पटवारी के पास पहले से ही सीमांकन गेहूं उपार्जन केंद्र में सुबह 8 बजे से ड्यूटी फॉर्मर आईडी रजिस्ट्री नामांतरण बटवारा रिपोर्ट प्रस्तुत करना जैसे महत्वपूर्ण कार्य वर्तमान में बने हुए हैं । ऐसी स्थिति में पटवारी को खेत में जाकर गिरदावरी करना संभव नहीं है। शासन जिओ टेग की अनिवार्यता समाप्त करें पूर्व से पंजीकृत सर्वेयर से मूंग की गिरदावरी कराई जाए।

सौंपे गए ज्ञापन पर पटवारी संघ अध्यक्ष विशाल शर्मा, नीरज सेन, अशरफ खान, देवेंद्र आहाके बलराम दुबे, दीपेश, नवीन चौहान, प्रवीण चौहान, तनुश्री, अर्जुन, रीना मेहरा वीरेंद्र अहिरवार, राज तोमर, श्याम रघुवंशी, योगेंद्र, विजय पटेल आदि पटवारी के हस्ताक्षर है

### जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत ग्राम रूपापुर में हुआ कार्यक्रम

# गंगा दशहरा पर निकाली भव्य गंगा कलश यात्रा



**नर्मदापुरम।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद, योजना आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग म.प्र. शासन के तत्वावधान में ग्राम रूपापुर, विकासखंड नर्मदापुरम में गंगा दशहरा के पावन अवसर पर जलगंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जलस्त्रोत पूजन एवं गंगा कलश यात्रा का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम माता मंदिर प्रांगण में सम्पन्न हुआ। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के दिशा-निर्देश एवं ब्लॉक समन्वयक नरेन्द्र देशमुख के मार्गदर्शन में सेक्टर क्रमांक 05 के ग्राम रूपापुर में यह कार्यक्रम आयोजित हुआ। नवांकुर संस्था रामपुर एवं नव सुदर्शन संस्था के सहयोग से ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति रूपापुर द्वारा गंगा दशहरा पर भव्य कलश यात्रा निकाली गई। सर्वप्रथम ग्रामवासियों ने जल स्त्रोतों का विधिवत पूजन किया। इसके पश्चात महिलाओं और पुरुषों ने सिर पर कलश धारण कर ग्राम के मुख्य मार्गों से शोभायात्रा निकाली। कलश यात्रा के दौरान जल संरक्षण के नारे गूंजते रहे। कार्यक्रम में भोपाल से पधारे टास्क मैनेजर दरयाब सिंह सूर्यवंशी ने जल संरक्षण विषय पर मार्गदर्शन देते हुए कहा कि जल ही जीवन है। भावी पीढ़ी के लिए प्रत्येक बूंद बचाना हमारा कर्तव्य है। उन्होंने वर्षा जल संचयन और पारंपरिक जल स्त्रोतों के पुनर्जीवन पर जोर दिया। संभाग समन्वयक कौशलेश प्रताप तिवारी ने कार्यक्रम की रूपरेखा बताते हुए कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल स्रोत पूजन, कलश पूजन, मंदिर परिसर स्वच्छता अभियान चलाया गया। कलश यात्रा का समापन आरती और प्रसाद वितरण के साथ हुआ। उन्होंने उपस्थित जनों को जल संरक्षण का महत्व व सदुपयोग समझाया।

इस अवसर पर जिला समन्वयक पवन सहगल, रूपापुर चिल्लई ग्राम पंचायत के सरपंच प्रतिनिधि श्री राजेश यादव, जनपद सदस्य, माखन नगर परामर्शदाता मनीष यादव, नवांकुर संजय सराठे, ग्राम प्रस्फुटन समिति अध्यक्ष दीपक दुबे ग्राम के वरिष्ठ नागरिक इमरतलाल चौरे, विनोद यादव, मानकलाल यादव, राधेश्याम दुबे, बंधु यादव सहित अन्य उपस्थित रहे।

## एनसीसी का संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर प्रारंभ



**जागरण नर्मदापुरम।** एनसीसी की 13 एमपी एनसीसी बटालियन नर्मदापुरम के तत्वावधान में शासकीय ज्ञानोदय आवासीय विद्यालय, में 22 से 31 मई तक 10 दिवसीय आवासीय संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ किया गया।

इस शिविर में विभिन्न जिलों के 12 विद्यालयों एवं 5 महाविद्यालयों के एनसीसी बालक एवं बालिका कैडेट्स उत्साहपूर्वक सहभागिता कर रहे हैं। शिविर के उद्घाटन अवसर पर 13 एमपी एनसीसी बटालियन नर्मदापुरम के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल सत्य प्रकाश सिंह ने कैडेट्स को संबोधित करते हुए कहा कि एनसीसी केवल सैन्य प्रशिक्षण का माध्यम नहीं, बल्कि अनुशासन, नेतृत्व, आत्मविश्वास एवं राष्ट्रसेवा की भावना विकसित करने का सशक्त मंच है। उन्होंने कैडेट्स से आग्रह किया कि वे शिविर में आयोजित प्रत्येक गतिविधि में सक्रिय सहभागिता करते हुए अपने व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास करें। उद्घाटन समारोह में सूबेदार मेजर बीसी तिलक, सूबेदार राकेश सिंह, सूबेदार राम अवतार, बीएचएम पूरन मिश्रा, एमजीएम पीजी कॉलेज इटारसी के एएनओ लेफ्टिनेंट डॉ. मनीष चौरे, लेफ्टिनेंट डॉ. संतोष अहिरवार, सीटीओ श्रुति एवं यास्मीन खान सहित एनसीसी स्टाफ एवं अधिकारी उपस्थित रहे। शिविर के दौरान कैडेट्स को योग, ड्रिल, फायरिंग, आपदा प्रबंधन, स्वच्छता, हेल्थ एंड हाइजीन, साइबर सुरक्षा एवं साइबर जागरूकता जैसे महत्वपूर्ण विषयों का प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। इसके साथ ही कैडेट्स में टीम भावना, नेतृत्व क्षमता एवं सामाजिक उत्तरदायित्व विकसित करने हेतु विभिन्न व्यावहारिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों का भी आयोजन किया जाएगा।

## न्यूज कार्नर

### कलश यात्रा निकालकर भगवान का अभिषेक



**जागरण, टिमरनी।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद विकास खंड टिमरनी सेक्टर करताना के ग्राम गोंदागांव खुर्द मे जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत गंगा दशहरा के पावन अवसर पर माँ नर्मदा के तट पर श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन कर माँ नर्मदा का पूजन अर्चन किया गया। प्रस्फुटन समिति के सदस्यों, ग्रामीणजनों द्वारा श्रमदान में अपना सहयोग प्रदान किया गया। श्रमदान उपरान्त गोदागाँव मठ पर जल संवाद का आयोजन कर जल संरक्षण पर विशेष चर्चा की गई। ग्राम में आंगनबाडी कार्यकर्ता, सहायिका, महिलाओं, बालिकाओं द्वारा गंगा कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा उपरान्त भगवान शिव का अभिषेक किया गया। आज के इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से टिमरनी विकासखंड समन्वयक अनुपम भारद्वाज, नवांकुर संस्था पहल से अमित माहुले, प्रस्फूटन समिति से गोपाल कृष्ण गुर्जर, ललित मालवीय, हेमंत वर्मा, आंगनबाडी कार्यकर्ता, साहायिका व ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### पीएम की बात पर अमल नहीं कर रहे अफसर

**जागरण, खिरकिया।** एक ओर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा डीजल-पेट्रोल की बचत और अनावश्यक खर्च कम करने पर जोर दिया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर विकासखंड एवं तहसील स्तर के अधिकारी प्रत्येक मंगलवार को जिला मुख्यालय हरदा में आयोजित जनसुनवाई में शामिल होने पहुंच रहे हैं। इससे सरकारी ईंधन खर्च को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। सूत्रों के अनुसार टिमरनी, खिरकिया तहसील के कई अधिकारी हर मंगलवार सरकारी वाहनों से हरदा जाते हैं और दोपहर को वापस लौटते हैं। लोगों का कहना है कि अधिकारियों को तहसील मुख्यालय में बैठकर स्थानीय स्तर पर जनसुनवाई करनी चाहिए, ताकि आम नागरिकों की समस्याओं का समाधान यहीं हो सके। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि अधिकारी तहसील मुख्यालय पर ही उपलब्ध रहें तो लोगों को राहत मिलेगी और सरकारी संसाधनों की भी बचत होगी। नागरिकों ने प्रशासन से व्यवस्था की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करने की मांग की है।

### पशुपालक जागरुकता कार्यशाला 29 मई को

**जागरण, हरदा।** पशुपालन एवं डेयरी विभाग हरदा द्वारा दुग्ध उत्पादकों और पशुपालकों की आय बढाने तथा उन्हें आधुनिक तकनीकों से जोडने के लिए एक जिला स्तरीय जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। यह महत्वपूर्ण कार्यशाला आगामी 29 मई 2026 को दोपहर 2:30 बजे से शाम 5:30 बजे तक इंदौर रोड स्थित एलबीएस कॉलेज हरदा में संपन्न होगी। उप संचालक पशु चिकित्सा विभाग डॉ अजय रामटेके ने बताया कि इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य जिले के पशुपालकों को पशु आहार के रूप में साईलेज के उपयोग को बढावा देना है। इसके साथ ही, उपस्थित विशेषज्ञों द्वारा चारा उत्पादन की आधुनिक तकनीकों, साईलेज ई-मार्केट प्लेटफार्म और शासन के गौरस एप के महत्व एवं उसकी उपयोगिता के बारे में विस्तार से जागरूक किया जाएगा। उपसंचालक डॉ रामटेके ने बताया कि इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में जिले के जनप्रतिनिधि, कृषि स्थायी समिति के अध्यक्ष, दुग्ध सहकारी समितियों के पदाधिकारी और पशुपालन क्षेत्र से जुडे सभी प्रमुख हितधारक सम्मिलित होंगे। शासकीय योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर उनका भरपूर लाभ उठाने की अपील की गई है।

# गेहूं से भरी हुई ट्रालियां और हाथ में कीटनाशक दवा लेकर पहुंचे किसान

## जनसुनवाई में किसानों की सुनवाई नहीं, जिला पंचायत परिसर में धरने पर बैठे किसान





**जागरण, हरदा।** जनसुनवाई में उस समय अफरातफरी का माहौल बन गया, जब किसान अपनी गेहुँ की फसल से भरी ट्रेक्टर ट्राली ओर हाथ मे जहरीला पदार्थ लेकर पहुँचे। जहां किसानों का आक्रोश देखने को मिला। लगभग 9 हजार किसानों के पंजीयन होने के बाद समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी के लिए स्लॉट बुक न होने और शासन की उपेक्षा का आरोप लगाते हुए जिला पंचायत परिसर में धरना शुरू कर दिया। इधर नाराज किसानों का कहना है कि जब तक हमारी सुनवाई नहीं होती है तब तक हम जिला पंचायत परिसर में ही अपना धरना जारी रखेंगे। जब तक सुनवाई नहीं होती तब तक हम कहीं नहीं जायेंगे, स्थल पर ही भोजन की व्यवस्था की जा रही है। इधर प्रशासन द्वारा पुलिस व्यवस्था की है। वहीं कुछ किसान कीटनाशक दवा लेकर पहुंचे, उन्होने कहा सुनावाई नहीं होती है तो आत्महत्या जैसे कदम उठाने को मजबूर होना पडेगा, जिसकी जबाबदारी शासन-प्रशासन की होगी। किसानों ने बताया कि वेयरहाउस में पर्याप्त जगह नहीं होने के कारण खरीदी प्रक्रिया प्रभावित हो रही है, जिससे उन्हें भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

### 9 हजार किसानों का पंजीयन किंतु स्लॉट बुकिंग नहीं

किसान आनंद जाट का कहना है कि जिले में 9 हजार से अधिक किसानों का पंजीयन तो हो गया, लेकिन स्लॉट बुकिंग नहीं हो पाई है, इसके कारण उनकी गेहूं की खरीदी नहीं हो रही। हजारों क्विंटल गेहूं अभी भी घरों और गोदामों में पड़ा हुआ है। किसानों ने चेतावनी दी कि कुछ ही दिनों में बारिश शुरू हो जाएगी, जिससे उपज खराब हो सकती है और उन्हें भारी आर्थिक नुकसान होगा। वहीं किसानों का कहना है कि सरकार द्वारा समर्थन मूल्य पर खरीदी की व्यवस्था की गई है, लेकिन जमीनी स्तर पर किसानों को उसका लाभ नहीं मिल पा रहा है।

### पूर्व कृषि मंत्री के भाई भी धरना आंदोलन में हुए शामिल

पूर्व मंत्री कमल पटेल के भाई रामशंकर पटेल भी धरना आंदोलन में शामिल रहे। उन्होने कहा शासन किसानों की घोर उपेक्षा कर रहा है। समर्थन मूल्य पर गेहूं नहीं बिक रहा है, स्लॉट बुकिंग नहीं हो रही, मूंग खरीदी को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है और मक्का का समर्थन मूल्य भी नहीं मिल रहा। भारी लापरवाही के कारण किसान परेशान हैं। अधिकारियों के समक्ष अपनी समस्या रखने के लिए हमें धरने पर बैठना पड़ रहा है।

### आत्महत्या की चेतावनी

प्रदर्शन के दौरान कुछ किसान हाथों में कीटनाशक की बोतलें लेकर पहुंचे। उन्होंने कहा कि यदि जल्द ही स्लॉट बुकिंग नहीं हुई और गेहूं की खरीदी शुरू नहीं की गई तो वे आत्महत्या जैसे कदम उठाने को मजबूर होंगे। गौरतलब है कि गेहूं खरीदी के लिए स्लॉट बुकिंग की अंतिम तिथि 23 मई 2026 थी। जिन किसानों के स्लॉट बुक हो चुके हैं ,उनकी तुलाई 28 मई तक हो रही है। किसानों ने मांग की है कि शासन तुरंत स्लॉट बुकिंग की समस्या का समाधान करे और सभी पंजीकृत किसानों की गेहूं खरीदी सुनिश्चित की जाए, अन्यथा आंदोलन तेज किया जाएगा।

### समाधान का आश्वासन दिया

सूचना मिलते ही संयुक्त कलेक्टर सतीश राय और तहसीलदार राजेंद्र पंवार किसानों को समझाने पहुंचे। सिटी कोतवाली थाना प्रभारी रोशनलाल भारती पुलिस बल के साथ मौके पर मौजूद रहे। एसडीएम अशोक डेहरिया ने किसानों से बातचीत कर समस्या के शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया है। गौरतलब है कि गेहूं खरीदी के लिए स्लॉट बुकिंग की अंतिम तिथि 23 मई 2026 थी। जिन किसानों के स्लॉट बुक हो चुके हैं, उनकी तुलाई 28 मई तक हो रही है। किसानों ने मांग की है कि शासन तुरंत स्लॉट बुकिंग की समस्या का समाधान करे और सभी पंजीकृत किसानों की गेहूं खरीदी सुनिश्चित की जाए, अन्यथा आंदोलन तेज किया जाएगा।

# सुकनी नदी में नहाते समय नौ वर्षीय बालक की डूबने से मौत



**जागरण, हरदा।** समीपवर्ती ग्राम छोटी हरदा में मंगलवार दोपहर सुकनी नदी में नहाने गए नौ वर्षीय बालक की डूबने से दुखद मौत हो गई। मृतक की पहचान कन्हैया 9 वर्ष पुत्र आनंदलाल कोगे के रूप में हुई है। सूचना मिलते ही एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची और करीब एक घंटे की तलाश के बाद बालक का शव नदी के गहरे पानी से निकाला गया। सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत हुई इस घटना में पुलिस ने शव का पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल हरदा भिजवा दिया है।

कन्हैया अपने तीन भाई-बहनों में सबसे बड़ा था। वह पिछले एक साल से अपनी मां के साथ नाना शिवप्रसाद सकपाल के घर पिडगांव में रह रहा था। उसने हाल ही में छठवीं कक्षा पास की थी और सातवीं कक्षा में प्रवेश लिया था। मंगलवार दोपहर करीब 1 बजे कन्हैया घर से निकला और सुकनी नदी में नहाने चला गया। नहाते समय वह नदी के गहरे हिस्से में चला गया और डूब गया। ग्रामीणों ने बताया कि सुकनी नदी के किनारे ईंट भट्टों की खुदाई के कारण नदी के कई स्थानों पर गहराई काफी बढ़ गई है, जिसके चलते यह हादसा हुआ।

उन्होंने प्रशासन से नदी के खतरनाक हिस्सों पर तुरंत रोकथाम के उपाय करने की अपील की है। परिवार और ग्रामीणों में शोक का माहौल है। कन्हैया की मौत की सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और रो-रोकर बुरा हाल था। पुलिस मामले की आगे जांच कर रही है।

### समाधान समारोह 2026: सुप्रीम कोर्ट में लंबित प्रकरणों का किया जाएगा त्वरित निपटारा

**जागरण, हरदा।** उच्चतम न्यायालय द्वारा समाधान समारोह-2026 के तहत विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। इसका उद्देश्य वर्षों से लंबित प्रकरणों का सौहार्दपूर्ण, सहमति आधारित एवं त्वरित समाधान करना है। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चन्द्रशेखर राठौर ने नागरिकों से अपील की है कि पक्षकारगण उच्चतम न्यायालय द्वारा आयोजित समाधान समारोह के इस सुनहरे अवसर का लाभ उठाएं एवं अपने वर्षों से चल रहे लंबित प्रकरणों का सौहार्दपूर्ण, सहमति आधारित एवं त्वरित समाधान कर निराकरण करायें। सचिव राठौर ने बताया कि न्याय को सरल और सुलभ तरीके से घर-घर तक पहुंचाने तथा आपसी सहभागिता और सहमति से न्याय की भावना को मूर्त रूप देने के लिए भारत के सर्वोच्च न्यायालय द्वारा समाधान समारोह-2026 का आयोजन 21 अप्रैल 2026 से आरंभ किया गया है, जिसकी परिणति 21, 22 तथा 23 अगस्त 2026 को विशेष लोक अदालत के आयोजन के साथ होगी। विशेष लोक अदालत का आयोजन सर्वोच्च न्यायालय परिसर नई दिल्ली में 21, 22 तथा 23 अगस्त को होगा

# मुहाल माइनर में टेस्टिंग कर छोड़ा पानी

## विधायक ने नहर की विधिवत पूजा-अर्चना की, ग्रामीणों में हर्ष



**जागरण, हरदा।** क्षेत्र के किसानों के लिए लंबे समय से प्रतीक्षित मुहाल माइनर नहर परियोजना में मंगलवार को महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल हुई। हरदा विधायक डॉ रामकिशोर दोगने के सतत प्रयासों से मुहाल माइनर नहर में पानी की सफल टेस्टिंग की गई एवं नहर में विधिवत रूप से पानी छोडा गया। इस अवसर पर विधायक डॉ दोगने द्वारा समस्त कांग्रेसजनों व क्षेत्रवासियों के साथ मिलकर ग्राम पिपल्या में मुहाल माइनर क्रमांक 11/61 नहर स्थल पर पहुंचकर विधिवत पूजन-अर्चन किया गया तथा ईश्वर से क्षेत्र के समस्त किसानों की फसल अच्छी होने एवं क्षेत्र में समृद्धि बनाए रखने की कामना की गई। उपस्थित किसानों एवं ग्रामीणजनों ने नहर में पानी पहुंचने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए विधायक डॉ दोगने को सादे समारोह के दौरान साल श्रीफल भेंट कर पुष्पमाला पहनाकर सम्मान किया व आभार व्यक्त किया। विधायक डॉ दोगने ने कहा कि क्षेत्र के किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता रही है। मुहाल माइनर नहर में पानी पहुंचने से ग्राम मुहालकलां, पिपल्या भारत, नीमसराय, कुडावा सहित आसपास के ग्रामों के किसानों को बडा लाभ मिलेगा तथा कृषि उत्पादन में वृद्धि होगी। इस दौरान विधायक डॉ दोगने के साथ जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहन सांई, पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण पंवार, खिरकिया जनपद अध्यक्ष रानू पटेल, विधायक प्रतिनिधि दशरथ पटेल, आशुतोष कोठारी, गोविन्द राजपूत, कैलाश पटेल, यशवंत पटेल, राधेश्याम देवडा, गोकुल आमे, मोदित, प्रथम पटेल, अंकित चावडा, रामगोपाल, कैलाश राजपूत, शंकर देवडा, प्रेमनारायण देवडा, विपत देवडा, रामनारायण देवडा, रमेश, विजय, रघुवीर पटेल, लोकेश जायसवाल, गोल्डी सहित ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### एससी-एसटी संगठनों ने किया कलेक्ट्रेट का घेराव, 9 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा, मांगें पूरी नहीं होने पर संगठनों ने दी आंदोलन की चेतावनी

**जागरण, हरदा।** जिले में अनुसूचित जाति और जनजाति समाज पर लगातार हो रहे अत्याचारों और न्याय न मिलने का आरोप लगाते हुए विभिन्न सामाजिक संगठनों ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर कलेक्टर के नाम 9 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन नायब तहसीलदार बीडी तमखानिया को दिया गया। जयकुमार ऊईके ने बताया कि जिले में एससी-एसटी समाज के लोगों पर हो रहे अत्याचार, पुलिस प्रताड़ना, विभागीय शोषण और प्रशासनिक उदासीनता के खिलाफ यह ज्ञापन दिया गया है। ज्ञापन में टिमरनी थाना परिसर में आदिवासी युवक रामदास कोरकू की मौत की निष्पक्ष जांच कराने और उनके परिवार को 1 करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता देने, हंडिया थाना में तैनात महिला पुलिसकर्मी कंचन राजपूत पर ग्राम रेलवा निवासी आदिवासी अजबसिंह को प्रताड़ित करने का आरोप लगाया गया। प्रताड़ना से त्रस्त होकर अजबसिंह ने आत्महत्या कर ली थी। मामले की निष्पक्ष जांच, दोषियों पर कार्रवाई और परिवार को 1 करोड़ रुपये मुआवजे की मांग की गई है। पीएचई विभाग की इंजीनियर ज्योति मोहबिया आत्महत्या मामले में विभागीय जांच की मांग की गई। संगठनों का आरोप है कि विभागीय प्रताड़ना के कारण ही उन्होंने आत्महत्या की। एसडीओ संगीता धापकारी पर कर्मचारियों को परेशान करने, भेदभाव करने और फर्जी बिलों पर हस्ताक्षर करवाने के आरोप लगाए गए। कांग्रेस विधायक डॉ आरके दोगने द्वारा सार्वजनिक स्थल पर एक एससी-एसटी नेता के साथ कथित अपमानजनक व्यवहार पर वैधानिक कार्रवाई की मांग गी गई। अनिल मानिक हत्याकांड के मुख्य आरोपी धर्मेंद्र पटेल की तत्काल गिरफ्तारी की मांग भी की। संगठनों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो वे आगे आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

# 65 लाख रुपए की लागत से बनाई टंकी, फिर भी पानी को तरस रहे लोग

## पिछले एक वर्ष से बनकर तैयार खड़ी टंकी, परिषद नहीं कर रही उपयोग




**जागरण, टिमरनी।** भीषण गर्मी के चलते नगर में लोगों को शहर में पर्याप्त पानी होने के बावजूद पानी नहीं मिल रहा है, जिसके पीछे नगर परिषद की उदासीनता और लापरवाही है। इस बात को लेकर नगर कांग्रेस अध्यक्ष सुभाष जायसवाल और विधायक प्रतिनिधि ज्योतिरादित्य उपाध्याय जनसुनवाई में पहुंचे और वहां उपस्थित अधिकारियों को जनता की तकलीफें बताई तथा शीघ्र निराकरण की मांग की गई। दो दिन के अंदर निराकरण नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी भी दी गई। नगर कांग्रेस अध्यक्ष सुभाष जायसवाल ने बताया कि टिमरनी शहर में पेयजल हेतु नगर परिषद ने 5 लाख लीटर की पेयजल टंकी बनाई है, जिसकी लागत लगभग 65 लाख रुपए है, जो पिछले एक वर्ष से बनकर तैयार खड़ी है, परंतु नगर परिषद की लापरवाही और उदासीनता के कारण टंकी को अभी तक पेयजल सप्लाई हेतु उपयोग नहीं किया जा रहा है, जिससे लोगों को पानी की परेशानी हो रही है। यदि 5 लाख लीटर की टंकी भर दी जाए और उस से जल प्रदाय किया जाए तो पूरे शहर में पर्याप्त प्रेशर से पानी पहुंचेगा एवं नागरिकों को परेशान नहीं होना पड़ेगा। नगर कांग्रेस अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि शहर में पर्याप्त पानी है, परंतु नगर परिषद की लापरवाही और उदाशीनता से जल व्यवस्था बिगड गई है और नागरिकों को पानी नहीं मिल रहा है। कांग्रेस ने चेतावनी दी है कि यदि दो दिन के अंदर नवनिर्मित पेयजल टंकी से शहर में पानी सप्लाई नहीं की गई तो कांग्रेस टंकी के समक्ष धरना देगी।

### संजीवनी अस्पताल नहीं किया हस्तांतरित

साथ ही कांग्रेस ने आरोप लगाया कि नगर परिषद के माध्यम से वार्ड क्रमांक 14-15 में संजीवनी अस्पताल जो लगभग 25 लाख की लागत से बना है, वह भी बनकर तैयार है, परंतु नगर परिषद की उदासीनता एवं लापरवाही के कारण उक्त भवन अभी तक स्वास्थ्य विभाग को हस्तांतरित नहीं किया गया है, जिससे अस्पताल नहीं खुल पा रहा है। जिस उद्देश्य से यह भवन बना है, इसका लाभ जरूरतमंदों को नहीं मिल पा रहा है। उक्त दोनों समस्याओं के निराकरण के लिए कांग्रेस ने स्थानीय प्रशासन को दो दिन का समय दिया है, नहीं तो जनहित में धरना आंदोलन किया जावेगा।

### खिलाड़ियों के व्यक्तित्व विकास के लिए सेमिनार आयोजित

**जागरण, हरदा।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग हरदा द्वारा संचालित आरोह 2026 ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर के अंतर्गत खिलाडियों के सर्वांगीण विकास एवं व्यक्तित्व निर्माण हेतु एक विशेष प्रेरणादायी सेमिनार का आयोजन किया गया। ब्लाक समन्वयक सुश्री सलमा खान ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य खिलाडियों को शारीरिक दक्षता के साथ मानसिक, नैतिक एवं आध्यात्मिक रूप से भी सशक्त बनाना था। ब्रह्मकुमारीज से पधारे कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं मोटिवेशनल वक्ता बीके सुभाष भाई ने खिलाडियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल केवल शरीर को मजबूत बनाने का माध्यम नहीं है, बल्कि यह अनुशासन, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता, सकारात्मक सोच एवं चरित्र निर्माण की श्रेष्ठ पाठशाला है। उन्होंने कहा कि खेल में वास्तविक जीत केवल शारीरिक शक्ति से नहीं, बल्कि अच्छे व्यक्तित्व, दृढ़ मनोबल एवं सकारात्मक दृष्टिकोण से प्राप्त होती है। उन्होंने खिलाडियों को नियमित अभ्यास, समय प्रबंधन, लक्ष्य निर्धारण एवं आत्मसंयम अपनाने की प्रेरणा देते हुए कहा कि यदि खिलाडी मानसिक रूप से मजबूत हो जाए तो वह हर परिस्थिति में सफलता प्राप्त कर सकता है। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को कई सुंदर एवं रोचक जुंबा डांस, शारीरिक व्यायाम भी करवाई गईं, जिनके माध्यम से टीम भावना, एकाग्रता, आत्मविश्वास एवं सकारात्मक सोच का अभ्यास कराया गया। ब्रह्मकुमारीज से पधारे बीके राजेश भाई ने मेडिटेशन एवं सकारात्मक चिंतन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि एक सफल खिलाडी वही होता है जो खेल मैदान के साथ-साथ अपने व्यवहार, व्यक्तित्व एवं नैतिक मूल्यों में भी उत्कृष्टता प्राप्त करे। उन्होंने खिलाडियों को तनावमुक्त एवं एकाग्रचित्त रहने के लिए नियमित राजयोग मेडिटेशन अपनाने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर बीके किरण दीदी एवं बीके भव्यता दीदी ने खिलाडियों को राजयोग मेडिटेशन का अभ्यास कराया तथा मन को शक्तिशाली एवं स्थिर बनाने की अनुभूति कराई। खिलाडियों ने ध्यान अभ्यास के माध्यम से मानसिक शांति एवं आत्मबल का अनुभव किया। सेमिनार में हाकी कोच संदीप सौदे, फुटबॉल कोच इमरान खान, अजय पुरवइया, एथलेटिक्स कोच सानू पाराशर सहित खेल प्रशिक्षक एवं अभिभावक उपस्थित रहे।

### अधिकारियों ने जनसुनवाई में सुनी नागरिकों की समस्याएं



**जागरण, हरदा।** जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती अंजली जोसेफ ने मंगलवार को जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में आए नागरिकों की समस्याएं सुनी और उपस्थित अधिकारियों को नागरिकों की समस्याओं के निराकरण के लिए निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर पुरूषोत्तम कुमार, संयुक्त कलेक्टर सतीश राय, एसडीएम हरदा अशोक डहेरिया, एसडीएम टिमरनी संजीव नागू, एसडीएम खिरकिया सुश्री शिवांगी बघेल सहित अन्य जिला अधिकारी उपस्थित थे। जनसुनवाई में ग्राम कमताडा निवासी विक्रांत फुलरे ने जमीन का नामांतरण कराने हेतु आवेदन दिया, जिस पर तहसीलदार हंडिया को आवेदक की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिये गये। अभिषेक ग्रीन वैली निवासी नवीन अग्रवाल ने पाइपलाइन चेंबर चौक होने से फेल रही गंदगी के संबंध में आवेदन दिया, जिस पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी को आवेदक की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिये गये। जनसुनवाई में ग्राम रेलवा निवासी नितिन दुगाया ने शहीद इलाप सिंह उद्वहन सिंचाई परियोजना का लाभ प्राप्त न होने के संबंध में आवेदन दिया, जिस पर जल संसाधन विभाग के कार्यपालन यंत्री को आवेदक की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिये गये। ग्राम पलासनेर निवासी रूपाली यादव ने उपार्जित गेहूँ का समिति प्रबन्धक द्वारा बिल न बनाने की शिकायत की, जिस पर संबंधित अधिकारी को मामले की जांच कर आवेदिका की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिये गये। जनसुनवाई में ग्राम बूंदडा निवासी अमन बिजगावने ने चना विक्रय के उपरान्त भुगतान प्राप्त न होने के संबंध में शिकायत की, जिस पर जिला विपणन अधिकारी को मामले की जांच कर आवेदक का भुगतान कराने के निर्देश दिये गये।

### नशा मुक्ति के प्रति जनजागरुकता अभियान चलाया जाए : पुलिस अधीक्षक

# जिले के सभी स्कूलों के 500 मीटर क्षेत्र को बनाया जाएगा नो-ड्रग जोन, विभिन्न गतिविधियां की जाएंगी आयोजित



**जागरण, हरदा।** कलेक्टर सिद्धार्थ जैन की अध्यक्षता में मंगलवार को मासिक टास्क फोर्स 15 समितियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में टास्क फोर्स में शामिल विभिन्न 15 समितियों के एजेन्डा पर बिन्दूवार चर्चा की गई। इस दौरान पुलिस अधीक्षक शशांक, जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती अंजली जोसेफ जोनाथन, वनमण्डलाधिकारी श्रीमती ज्योति मुडिया सहित विभिन्न समितियों के सदस्य उपस्थित थे। इस दौरान कलेक्टर श्री जैन ने रोस्टर बनाकर नगरीय क्षेत्र का अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिये। साथ ही कहा कि रोस्टर अनुसार दिन तय कर नगरीय क्षेत्र में पॉलिथीन के उपयोग को हतोत्साहित किया जाए। बैठक में पुलिस अधीक्षक शशांक ने निर्देश दिये कि जिले के सभी स्कूलों के 500 मीटर क्षेत्र को नो-ड्रग जोन बनाया जाए। उन्होने कहा कि सभी स्कूलों में नशीले पदार्थों के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता लगाने के लिये भी विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएं। पुलिस अधीक्षक ने हाईवे पर दोपहिया वाहन चालकों द्वारा अनिवार्य रूप से हेल्मेट लगाये जाने के लिये अभियान संचालित करने के भी निर्देश दिये। उन्होने कहा कि बिना हेल्मेटधारी दोपहिया वाहन चालकों से नियमानुसार जुर्माना वसूला जाए। बैठक में हाईवे के किनारे से सख्ती से अतिक्रमण हटाने के भी निर्देश दिये गये। साथ ही वन क्षेत्रों से अतिक्रमण हटाने के लिये भी सख्ती से कार्यवाही करने के लिये कहा गया।

इस दौरान सवारी वाहनों की जांच के लिये भी जिला परिवहन अधिकारी को निर्देशित किया गया। साथ ही तेज आवाज करने वाले मोटर साइकिल चालकों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये। बैठक में जघन्य एवं सनसनीखेज अपराधों से संबंधित प्रकरणों की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने शासकीय अधिवक्ता से कहा कि पुराने प्रकरणों से संबंधित जानकारी प्रस्तुत की जाए। बैठक में उपस्थित अधिकारियों एवं समिति सदस्यों द्वारा तम्बाखू निषेध एवं तम्बाखू से बने उत्पादों का सेवन नहीं करने की शपथ ली गई।

## न्यूज कार्नर

### शिवसेना की प्रदेश बैठक में संगठन विस्तार की चर्चा

**बैतूल।** शिवसेना की मध्य प्रदेश स्तरीय महत्वपूर्ण बैठक में बैतूल जिला अध्यक्ष विजेंद्र गोले ने भाग लेकर संगठन विस्तार और आगामी चुनावी रणनीति को लेकर सक्रिय भूमिका निभाई। बैठक में प्रदेश नेतृत्व ने जनता से जुड़े मुद्दों पर मजबूती से काम करने, संगठन को गांव-गांव तक पहुंचाने तथा आने वाले नगरीय निकाय, विधानसभा, सांसद और जनपद सदस्य चुनावों की तैयारियों में जुटने के निर्देश दिए.बैठक में प्रदेश अध्यक्ष राजीव चतुर्वेदी के निर्देशानुसार मध्य प्रदेश प्रभारी सुरेश गुर्जर ने संगठन को जमीनी स्तर तक मजबूत करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि पार्टी कार्यकर्ताओं को गांव-गांव तक पहुंचकर आमजन की समस्याओं को सुनना और उनके निराकरण के लिए संघर्ष करना होगा बैठक में महंगाई, बेरोजगारी, मूलभूत सुविधाओं और स्थानीय समस्याओं सहित जनहित से जुड़े मुद्दों को प्राथमिकता से उठाने की बात कही गई। पार्टी पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे जनता के बीच लगातार सक्रिय रहकर संगठन के प्रति विश्वास मजबूत करें। प्रदेश नेतृत्व ने स्पष्ट किया कि आने वाले नगर पालिका, विधानसभा, सांसद एवं जनपद सदस्य चुनावों को लेकर अभी से रणनीतिक तैयारी शुरू कर दी जाए। इसके लिए कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर तक संगठन मजबूत करने और नए लोगों को जोड़ने की जिम्मेदारी सौंपी गई।

### सौंपा ज्ञापन, रखी मांग

**बैतूल।** पेसा मोबिलाइजरों की सेवाएं समाप्त किए जाने के आदेश के विरोध में अब जय आदिवासी युवा शक्ति संगठन भी खुलकर मैदान में उतर आया है। जयस जिला अध्यक्ष संदीप धुर्वे के नेतृत्व में पेसा मोबिलाइजरों ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नाम प्रभारी मंत्री को ज्ञापन सौंपकर सेवा समाप्ति आदेश को तत्काल निरस्त कर पूर्ववत सेवा बहाल करने की मांग की। साथ ही चेतावनी दी गई कि मांग पूरी नहीं होने पर प्रदेशव्यापी आंदोलन किया जाएगा। मध्यप्रदेश के 20 जिलों के 89 आदिवासी विकासखंडों में राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के तहत वर्ष 2021 से पेसा मोबिलाइजर कार्यरत थे।

# काली पट्टी बांधकर काम कर रहे एनएचएम कर्मचारी, स्वास्थ्य सेवाओं पर संकट के संकेत

## मांगें पूरी नहीं हुईं तो 2 जून से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाएंगे कर्मचारी



**बैतूल/जागरण।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत कार्यरत संविदा कर्मचारियों का लंबे समय से चला आ रहा असंतोष अब खुलकर सामने आने लगा है। प्रदेशभर के करीब 32 हजार एनएचएम संविदा कर्मचारियों ने अपनी लंबित मांगों को लेकर चरणबद्ध आंदोलन शुरू कर दिया है। आंदोलन के दूसरे दिन बैतूल में भी समस्त एनएचएम कर्मचारी काली पट्टी बांधकर कार्य करते रहे। कर्मचारियों ने साफ चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र निर्णय नहीं लिया गया तो 2 जून से अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी जाएगी, जिससे स्वास्थ्य सेवाएं गंभीर रूप से प्रभावित हो सकती हैं।संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी संघ मध्यप्रदेश के जिलाध्यक्ष और जिला सचिव द्वारा जारी सूचना में कहा गया है कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के कर्मचारी वर्षों से स्वास्थ्य सेवाओं के सुचारू संचालन में अहम भूमिका निभा रहे हैं। कर्मचारियों की मेहनत के आधार पर प्रदेश को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान और पुरस्कार भी मिले हैं, लेकिन इसके बावजूद कर्मचारियों के हितों की लगातार अनदेखी की जा रही है। संघ का कहना है कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की उपस्थिति में 30 जनवरी 2026 को टीटी नगर दशहरा मैदान में कर्मचारियों की मांगों पर सहमति बनी थी, लेकिन एक वर्ष बीतने के बाद भी कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। इससे कर्मचारियों में भारी आक्रोश व्याप्त है। संघ ने अपनी प्रमुख मांगों में सभी संविदा कर्मचारियों को नियमित करने, सामान्य प्रशासन विभाग की 2023 नीति के अनुसार एनपीएस और स्वास्थ्य बीमा का लाभ देने, 10 प्रतिशत वार्षिक वेतनवृद्धि लागू करने और नियमित कर्मचारियों की तरह महंगाई भत्ता देने की मांग उठाई है। इसके अलावा सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों के वेतन में पीबीआई समायोजित करने, वेतन विसंगतियों में सुधार, नियमित कर्मचारियों की तरह अवकाश सुविधा और समान कार्य-समान वेतन लागू होने तक सार्थक एप बंद करने की मांग भी शामिल है संघ के अनुसार 25 से 27 मई तक कर्मचारी काली पट्टी बांधकर विरोध जता रहे हैं।

### सीएम से लंबित मांगों के शीघ्र निराकरण का आग्रह

इसके बाद 28 और 29 मई को कलेक्टर, सीएमएचओ और बीएमओ को ज्ञापन सौंपा जाएगा। 30 मई से 1 जून तक सांसद, विधायक और मंत्रियों को ज्ञापन देकर अपनी पीड़ा बताई जाएगी। मांगें नहीं मानी गईं तो 2 जून से सभी ऑनलाइन और ऑफलाइन कार्यों का बहिष्कार कर कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाएंगे। वहीं 8 जून को प्रदेशभर के कर्मचारी भोपाल पहुंचकर मुख्यमंत्री निवास का घेराव करेंगे। संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी संघ ने कहा है कि यदि समयसीमा में मांगों का निराकरण नहीं हुआ और स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित होती हैं तो इसकी पूरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। कर्मचारियों का कहना है कि वे लंबे समय से धैर्य बनाए हुए थे, लेकिन अब मजबूरी में आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ रहा है।भारतीय मजदूर संघ से सम्बद्ध संविदा स्वास्थ्य संघ के जिलाध्यक्ष डॉ. गोविन्द प्रसाद साहू ने मुख्यमंत्री से संविदा कर्मचारियों की लंबित मांगों के शीघ्र निराकरण का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों की समस्याओं का समय पर समाधान होने से स्वास्थ्य सेवाएं सुचारू रूप से संचालित होती रहेंगी। इस दौरान भारतीय मजदूर संघ के विभाग प्रमुख विनय डोंगरे एवं जिलामंत्री पंजाब गायकवाड़ ने भी संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों के आंदोलन का समर्थन करते हुए उनकी मांगों को जायज बताया। उन्होंने शासन से कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान करने की मांग की।



## तवा माई को अर्पित की चुनरी, सैकड़ों दीपों से हुई गंगा आरती

**सारणी।** नगर पालिका परिषद सारनी द्वारा जल गंगा अभियान के तहत सोमवार 25 मई को गंगा दशमी के अवसर सतपुड़ा डेम स्थित छठ पूजा घाट पर गंगा आरती का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर तवा माई को चुनरी भी अर्पित की गई। राज्य शासनके आदेशानुसार विक्रमोत्सव 2026 के अंतर्गत 19 मार्च से संपूर्ण मध्यप्रदेश में प्रारंभ जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत गतिविधियां की जा रही हैं। म.प्र. सांस्कृतिक विभाग के निर्देशानुसार गंगा दशमी (गंगा दशहरा) सोमवार 25 को सतपुड़ा डेम स्थित छठ पूजा घाट पर मां गंगा आरती का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष किशोर बरदे, उपाध्यक्ष जगदीश पवार, विधायक प्रतिनिधि सुधा चंद्रा, पार्षद गण, मुख्य नगर पालिका अधिकारी सी. के. मेश्राम प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। निकाय स्तर पर हुए इस आयोजन में स्थानीय कलाकारों ने घाट पर शाम 6 से भजनों की प्रस्तुति प्रारंभ कर दी। रात्रि 8 बजे तक विभिन्न धार्मिक, सांस्कृत कार्यक्रम हुए। तवा नदी के किनारे बने तीन आरती मंचों पर विधि-विधान से गणेश जी, मठारदेव बाबा, नर्मदा मैया एवं मां गंगा आरती की गई। इस अवसर पर यहां उपस्थित आम जनों ने तवा मैया में दीपदान भी किया। निकाय द्वारा तवा माई को चुनरी भी अर्पित की गई। उपस्थित श्रद्धालुओं को प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर पार्षद भीम बहादुर थापा, संगीता धोटे प्रवीण सोनी, हरिता पाल, गणेश महस्की, मो. जफर अंसारी, अजाबराव धोटे, आकाश पंद्राम, एल्डरमैन विनय मदने, रमेश पवार, गोलू राजपूत, जगदीश आहूजा, राजकुमार नागले, राहुल कापसे, राजू साहू, अजय साकरे समेत अन्य लोग उपस्थित थे। सुरभि जागरण ग्रुप के दिलीप बारस्कर समेत कलाकारों ने एक से बढ़कर एक भजन सुनाए।

## निजी कुएं पर जबरन मोटर लगाने का आरोप

**सारणी।** चिचोली थाना क्षेत्र में निजी कुएं से जबरन सिंचाई करने और विरोध करने पर मारपीट व जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़ित किसान ने एसपी से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। किसान का आरोप है कि उसकी निजी भूमि पर बने पक्के कुएं में जबरन मोटर पम्प डालकर सिंचाई की जा रही है और विरोध करने पर उसे धमकाया जा रहा है।

ग्राम बिघवा निवासी शिकायतकर्ता फुलचंद यादव पिता गम्फा यादव ने पुलिस अधीक्षक बैतूल को दिए आवेदन में बताया कि मौजा सिपलई स्थित उसकी भूमि खसरा नंबर 11/1 रकबा 0.9000 हेक्टेयर उसके नाम दर्ज है। उक्त भूमि पर एक पक्का कुआं बना हुआ है, जिससे वह लंबे समय से अपनी फसलों की सिंचाई करता आ रहा है। आरोप है कि ग्राम सिपलई निवासी रामजी यादव ने 4-5 दिन पहले उसके कुएं में जबरदस्ती मोटर पम्प डालकर अपने खेत की सिंचाई शुरू कर दी। फुलचंद यादव का कहना है कि जब वह कुएं पर पहुंचकर अनावेदक को रोकने गया तो वह 3-4 लोगों के साथ लकड़ी लेकर उसे मारने दौड़ा। आवेदक ने आरोप लगाया कि विरोध करने पर उसके साथ गाली-गलौच की गई और धमकी दी गई कि अगर किसी ने मोटर निकालने की कोशिश की तो जान से मार देंगे। किसान ने आशंका जताई है कि खेत पर जाने के दौरान उसके साथ कोई गंभीर घटना हो सकती है। मामले को लेकर फुलचंद यादव ने तहसीलदार चिचोली के समक्ष भी आवेदन प्रस्तुत किया है। आवेदन में उल्लेख किया गया है कि भूमि के खसरे की कैफियत में उक्त पक्का कुआं दर्ज है और अनावेदक का उस पर किसी प्रकार का हक या हिस्सा नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि अनावेदक द्वारा बलपूर्वक विद्युत पंप लगाकर सिंचाई की जा रही है, जिसे हटाया जाना आवश्यक है। इसी संबंध में थाना चिचोली में भी शिकायत दर्ज कराई गई है, जिसमें आवेदक ने कुएं से मोटर पम्प हटाकर पुनः कब्जा दिलाने की मांग की

## ग्रामीणों ने पानी बचाने और जल स्रोत स्वच्छ रखने का लिया संकल्प



**बैतूल।** गंगा दशहरा के पावन अवसर पर विकासखंड भीमपुर के सेक्टर गुरुवा पिपरिया अंतर्गत ग्राम भीमपुर में जल गंगा संवर्धन अभियान 2026 के तहत जल स्रोत पूजन, जल चौपाल एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान पुराने कुओं, हैंडपंपों सहित अन्य जल स्रोतों का पूजन कर ग्रामीणों को जल संरक्षण का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में ग्रामीणों को जल संरक्षण के महत्व, गंगा दशहरा की आध्यात्मिक महत्ता तथा पारंपरिक जल स्रोतों को सुरक्षित रखने की आवश्यकता की जानकारी दी गई। मंदिर परिसर में स्वच्छता अभियान चलाकर साफ-सफाई की गई और वर्षा जल संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से छोटे-छोटे सोख्तापिट गड्ढों का निर्माण किया गया। ग्रामीणों को नदियों, कुओं और बावड़ियों को स्वच्छ रखने तथा पानी बचाने का संकल्प भी दिलाया गया। इसके बाद ग्राम में भव्य कलश यात्रा एवं रैली निकाली गई। श्रद्धालुओं ने गंगा मैया की जय, नर्मदा मैया की जय और ताप्ती मैया की जय के जयघोष के साथ पूरे गांव में भक्तिभाव से यात्रा निकाली। रैली चंडी देवी मंदिर प्रांगण पहुंची, जहां भगवान शिव का जलाभिषेक कर प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम में पूर्व सरपंच फूल्लोबाई, स्वसहायता समूह सचिव संगीता तुमडाम, विद्या कुमरे, सरोज कुमरे, समिति सदस्य श्रवण कुमार, आशीष धुर्वे, जगदीश कुमरे, पैसा एक्ट से बबली कुमरे तथा नवांकुर संस्था साईं राम समाज कल्याण समिति भीमपुर से रोहित पचोरिया और मोहित पचोरिया सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं कलश यात्रा में शामिल बालिकाएं उपस्थित रहीं।


### गंगा दशहरा के अवसर पर सिंगरी नदी के पुनर्जीवन कार्यक्रम में शामिल हुए मंत्री

# जल के बिना जीवन संभव नहीं: पटेल



**जागरण नरसिंहपुर।** प्रदेश शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास और श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने कहा कि आज का दिन नरसिंहपुर जिले के जीवनदायिनी सिंगरी नदी को पुनर्जीवन करने वाला दिन है। आओ हम सब मिलकर सिंगरी नदी को पुनर्जीवन करने का संकल्प लेंए जो आने वाली पीढ़ी के लिए प्रेरणादायक बन सके। मंत्री श्री पटेल सोमवार को कलेक्टर बंगला के पीछे गणेश मंदिर रोड स्थित सिंगरी नदी में जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत गंगा दशहरा के अवसर पर सिंगरी नदी पुनर्जीवन श्रमदान कार्य एवं जल संवाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मंत्री श्री पटेल ने कहा कि सिंगरी नदी को साफसुथरा एवं भव्य व सुंदर बनाया जाएगा। सिंगरी नदी के दोनों तटों के किनारे.किनारे मार्ग बनाए जाएंगे। इससे कोई भी नागरिक सिंगरी नदी की सुंदरता का आनंद ले सकेगा। मंत्री श्री पटेल ने इस अवसर पर सिंगरी नदी पुनर्जीवन के लिए सभी उपस्थित समुदाय को शपथ दिलाई। आयोजित कार्यक्रम में जल संरक्षण पर की गई चित्रकला करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। मंत्री श्री पटेल ने कहा कि हमारी सरकार ने प्राचीन नदियों को पुनर्जीवन करने का कार्य प्रारंभ किया है। प्राचीन नदियों से ही हमारी संस्कृति एवं विरासत का विकास हुआ है। उन्होंने कहा कि नदियों की पहचान ही ऐसी है कि वह अपने इतिहास को समेटे हुए प्रवाहित होते रहती हैए जिससे विभिन्न सभ्यताओं की जानकारी मिलती है। उन्होंने कहा कि भविष्य में जल संकट की स्थिति उत्पन्न न हो इसलिए वर्तमान समय में जल संरक्षण के प्रयास किए जा रहे हैं। मंत्री श्री पटेल ने कहा कि सभी नागरिकों को संकल्प लेना होगा कि सिंगरी नदी के जल को साफ व स्वच्छ रखने के लिए गंदा पानी नदी में प्रवाहित न करें। यह हम सभी के लिए एक चुनौती है लेकिन इसे पूरा करना हमारा दायित्व है। सिंगरी नदी का जल आगे जाकर मां नर्मदा जी में समाहित होता हैए इसलिए सिंगरी नदी का जल साफ व स्वच्छ होकर प्रवाहित होए इसके लिए सभी नागरिकों की सहभागिता जरूरी है। उन्होंने कहा कि मानव जीवन व पर्यावरण की रक्षा के लिए जल एक आवश्यक तत्व हैए इसलिए हमें आने वाले भविष्य के लिए जल का संरक्षण करना जरूरी है। जिससे जल की बचत होए जल की शुद्धता हो और हमारा भविष्य बेहतर बन सके। मंत्री श्री पटेल ने कहा कि सरकार जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत लगातार जल संरक्षण के कार्य कर रही है। जल स्रोतों तालाबों नदी.नालों की साफसफाई कर उन्हें पानीदार बनाया जा रहा है। जिससे जल के लिए मौसमों पर निर्भर न रहना पड़ेए हमारे जल स्रोत में ही पानी के पर्याप्त भंडार रहे हमें इन्हीं संकल्पों को लेकर काम करना होगा। उन्होंने कहा कि नदियोंए जल स्रोतों और तालाबों का जल साफसुथरा रहेगाए तो हमारा जीवन भी स्वस्थ रहेगा। उन्होंने सिंगरी नदी की साफसफाई से जुड़े सभी श्रमदान करने वाले नागरिकों को इस अभियान में शामिल होने के लिए धन्यवाद दिया। आयोजित कार्यक्रम को जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती ज्योति नीलेश काकोड़िया विधायक गोटेगांव महेन्द्र नागेश जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती अनीता राजेन्द्र ठाकुर नगर पालिका अध्यक्ष नीरज दुबे परंमयोगी दादा गुरूजी महाराज और रामसनेही पाठक ने भी संबोधित किया। आयोजित कार्यक्रम के बारे में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी गजेन्द्र सिंह नागेश ने विस्तार से जानकारी दी जयनारायण शर्मा ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह पुलिस अधीक्षक डां ऋषिकेश मीणा सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी.कर्मचारी और नागरिक मौजूद थे।

## पंद्रह दिवसीय श्री शिव कथा एवं श्री रुद्राभिषेक अनुष्ठान 9 जून तक



**जागरण गाडरवारा।** क्षेत्र के चाँवरपाठा ब्लॉक अंतर्गत ब्रह्मलीन तपोनिष्ठ संत श्री रामदास जी महाराज की तपोभूमि माँ नर्मदा उत्तर तट पदम् घाट में पावन पुरुषोत्तम मास के पावन अवसर पर पंद्रह दिवसीय श्री शिव कथा एवं श्री रुद्राभिषेक अनुष्ठान का आयोजन अनंत श्री विभूषित श्री श्री काशी धर्म पीठाधीश्वर जगत गुरु शंकराचार्य स्वामी नारायणानंद तीर्थ जी महाराज के पावन सानिध्य में 26 मई से 9 मार्च तक होने जा रहा है। इस अवसर पर प्रतिदिन सुबह 6 बजे से रुद्राभिषेक अनुष्ठान 8 बजे से आरती पूजनए 3 बजे से सत्संग प्रवचन एवं शाम 7 बजे से संध्याकालीन आरती होगी। श्री नारायण सेवा समिति ने सभी क्षेत्रवासियो से उपस्थिति की अपील की है।

**ईदुज्जुहा का अवकाश 28 मई को रहेगा**–नरसिंहपुर। राज्य शासन द्वारा जारी आदेश अनुसार ईदुज्जुहा का अवकाश गुरुवार 28 मई को रहेगा। पूर्व में ईदुज्जुहा का अवकाश बुधवार 27 मई को घोषित किया गया था। बुधवार 27 मई को निर्धारित समय अनुसार समस्त शासकीय कार्यालय खुले रहेंगे।


पंजाब नैशनल बैंक punjab national bank | आस्ति वसूली प्रबंधन शाखा, अरेरा हिल्स, भोपाल,फोन नं. 0755-2550020

**अचल संपत्ति के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस**

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 (6) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु **ई-नीलामी विक्रय नोटिस**

आम लोगों को और विशेष रुप से उधार लेने वाला और प्रत्याभूतिदाता को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल सम्पत्ति जो प्रतिभूत लेनदार के पास गिरवी/प्रभारित है, का प्रलक्षित/वास्तविक कब्जा/सांकेतिक कब्जा (इनमें से जो भी लागू होता हो) प्रतिभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को ''जहां है जैसा है और जो कुछ भी है'' के आधार पर निम्नलिखित ऋणियों एव जमानतदारों से बैंक/प्रतिभूत लेनदार की निम्नलिखित रुपए की बकाया राशि की वसूली हेतु निम्न दिनांक को बेचा जाएगा। आरक्षित मूल्य एवं अग्रिम धनराशि निम्नलिखित है:-

**ई नीलामी दिनांक : 16.06.2026** (ई-नीलामी का समय : प्रात: 11.00 बजे से दोपहर 5.00 बजे तक प्रत्येक 10 मिनिट के असिमित विस्तार के साथ)

**ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि : 15.06.2026 रात्रि 11.00 बजे तक**

| ऋणी/बंधनकर्ता का नाम एवं बंधक संपत्ति का विवरण | आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि | मांग नोटिस दि. / कब्जा दिनांक / बकाया राशि |
|---|---|---|
| निविदाकार अपने प्रस्ताव रु. 25000/- (रु. पच्चीस हजार मात्र) के गुणांक में बढ़ा सकेंगे। | | |
| आस्ति वसूली प्रबंधन शाखा \| प्राधिकृत अधिकारी : श्री योगेश कृष्ण सक्सेना \| फोन नं. 0755-2550020/9425013866 | | |
| **मेसर्स नवजीवन ब्रेवरेज़** (सांकेतिक आधिपत्य) औद्योगिक ईकाई (भूमि), मेन रोड फेसिंग, खसरा नं. 146/7, प.ह. नं. 14/7, ग्राम-रोहाना, जिला- होशंगाबाद (म.प्र.), क्षेत्रफल: एक एकड़। चर्तुथ सीमा-पूर्व-भगवान सिंह राजपूत की भूमि, पश्चिम-हरदा-होशंगाबाद रोड, उत्तर-भगवान सिंह की भूमि, दक्षिण-शंकर सिंह की भूमि। सम्पत्ति मालिक -श्री अशीष तिवारी पुत्र श्रीराधेश्याम तिवारी। | (₹) 83,64,000/- (₹) 8,36,400/- | 07-01-2016 04-04-2016 ₹17820735.00 + दिनांक 01.10.2015 से देय ब्याज एवं अन्य खर्चे |
| **मेसर्स मॉ गायत्री इंजीनियरिंग प्रो. श्री संदीप पाटीदार** (भौतिक आधिपत्य) 63, पचमढ़ी विहार कॉलोनी पचमढ़ी रोड, बीजनवाड़ा, तहसील- पिपरिया, जिला- होशंगाबाद-451775, कामर्शियल डाइवर्टड भूमि जिस पर कामर्शियल बिल्डिंग बिल्टअप एरिया (35 +14)/2* = 1960 वर्ग फिट (182.19 वर्ग मीटर) सीमाऐं : पूर्व- विक्रेता की शेष भूमि , पश्चिम- विक्रेता की शेष भूमि, उत्तर- विक्रेता की शेष भूमि, दक्षिण-रोडएवं नाली , सपंत्ति का मालिक : श्री संदीप पाटीदार पुत्र श्री मुरारीलाल पाटीदार | (₹) 28,92,000/- (₹) 2,89,200/- | 01-06-2024 12-08-2024 ₹3103736.00 + दिनांक 01.06.2024 से देय ब्याज एवं अन्य खर्चे |
| **श्री विपीन दुबे एवं श्री संजय दुबे** (सांकेतिक आधिपत्य) बंधक डायवेर्टेड संपत्ति मकान वर्तमान में जाकिर हुसैन वार्ड (पुराना तिलक वार्ड), देवगांव पिपरीया , तहसील पिपरीया खसरा नं. 16/2, 17/2, 17/3, 19/2, 19/3, 18/3, 168/3, 171/1, 172/1, 173/1 का भाग, भू अभिन्यास नं. 238, कस्तुरी अपार्टमेंट, गंगाराम काबरा नगर, पह नं. 17, वार्ड नं. 157, मकान नं.19,जिला- होंशगाबाद, **क्षेत्रफल :** 540 वर्ग फिट, **सीमाऐं सेल डीड अनुसार:** पूर्व-15 फिट रोड, पश्चिम-कृषि उपज समिति की भूमी, उत्तर-40 फिट रोड, दक्षिण- रघुनाथ जी काबरा का मकान, **संपत्ति मालिक :** श्रीमती उर्मिला दुबे पत्नि श्री संजय दुबे | (₹) 47,72,000/- (₹) 4,77,200/- | 25-01-2022 02-05-2022 ₹7335603.75 + देय ब्याज एवं अन्य खर्चे |
| **मेसर्स अनिल इंडस्ट्रीज प्रो. अनिल कुमार नवलानी पुत्र नरसोमल नवलानी** मौजा मेहरागांव, टाउन इटारसी व तहसील इटारसी, वार्ड नं. 14 (नया वार्ड नं. 28) इटारसी डाइवेर्टड खसरा नं. 112 में से, शीट नं. 01, प्लाट नं. 2/2बी/2, 2/2सी/3, रजिस्ट्री अनुसार प्लाटनं. 1/2, 2/1, 2/2ए, 2/2बी, 2/2सी, 2/2डी, 2/3 सब-प्लाटनं.08 , **क्षेत्रफल :** 1650 वर्ग फिट, **सीमाऐं :** पूर्व-महावीर किशोर जायसवाल की भूमी, पश्चिम-रोड , उत्तर- विकेताओं की भूमी , दक्षिण -कैलाश कुमार नवलानी की भूमी, **संपत्ति मालिक :** श्री अनील कुमार नवलानी पुत्र नरसोमल नवलानी एवं आशा देवी पत्नि अनील कुमार नवलानी (भौतिक आधिपत्य) | (₹) 32,49,000/- (₹) 3,24,900/- | 11-08-2021 09-12-2021 ₹ 2382806.05 + देय ब्याज एवं अन्य खर्चे |

**नियम एवं शर्ते :-** 1. विक्रय सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम व शर्तो के आधीन होगा तथा निम्नलिखित शर्तो का पालन करना होगा। 2. सम्पत्तियों की बिक्री ''जहां है जैसा है एवं जिस अवस्था में है'' के आधार पर होगी। 3. ऊपर वर्णित सम्पत्तियों का विवरण प्रतिभूत लेनदार को प्राप्त जानकारी के आधार पर है। किन्तु प्रतिभूत लेनदार किसी भी त्रुटि, गलत जानकारी, घोषणा में चूक लिये जिम्मेदार नहीं होगा। 4. विक्रय अधिकृत ऑनलाईन ई-निलामी सेवा प्रदाता के द्वारा **दिनांक 16/06/2026 वेबसाइट** https://baanknet.com पर किया जायेगा। इच्छुक बोली लगाने वाले / खरीददारों को नीलामी के उचित समय से पहले बैंक से मान्यता प्राप्त सेवा प्रदाता PSB Alliance के संबंधित ई-नीलामी वेब पोर्टल https://baanknet.com में रजिस्ट्रेशन कर अपने ग्लोबल ईएमडी वॉलेट में ऑनलाईन मोड का उपयोग करके ईएमडी राशि को ट्रांसफर करना होगा। यदि ग्लोबल ईएमडी वॉलेट में ईएमडी राशि उपलब्ध नहीं है, तो सिस्टम बोली लगाने की अनुमति नहीं देगा। बिक्री के विस्तृत नियम व शर्तो के लिए https://baanknet.com और www.pnb.bank.in पर देखें।

दिनांक: 26/05/2026, स्थान: भोपाल | सुरक्षित ऋणदाता, पंजाब नैशनल बैंक


# ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उल्लंघन करने पर होगी कड़ी कार्रवाई : कलेक्टर

## जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक में हुए निर्णय

**नरसिंहपुर।** जिले में 28 मई 2026 को मुस्लिम समुदाय द्वारा ईदुज्जुहा का त्यौहार मनाया जाएगा। इस दिन मस्जिदों् ईदगाहों पर नमाज अदा की जाएगी। कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह की अध्यक्षता और पुलिस अधीक्षक डॉ ऋषिकेश मीणा की मौजूदगी में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक सम्पन्न हुई। जिससे ईदुज्जुहा का त्यौहार जिले में शांतिपूर्वक मनाया जा सके। कलेक्टर श्रीमती सिंह ने आयोजित बैठक में ध्वनि विस्तारक यंत्रों के लिए नियमों का पालन करने के निर्देश दिए। कोई भी व्यक्ति या आयोजक कर्ता ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग में नियमों का उल्लंघन नहीं करेगा। नियमों का उल्लंघन करने की स्थिति में ध्वनि विस्तारक यंत्र का उपयोग करने वाले आयोजक कर्ताओं पर कार्यवाही की जाएगी। ईदुज्जुहा का त्यौहार चिन्हित स्थानों पर शांतिपूर्वक मनाया जाएगा इस अवसर पर साफसफाई एवं सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएंगे।कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने ईदुज्जुहा के त्यौहार पर पानी की सप्लाई करने और मस्जिदों ईदगाहों के आसपास साफसफाई कराने के निर्देश मुख्य नगर पालिका अधिकारी को दिए। त्यौहार के अवसर पर जिले में विद्युत आपूर्ति सतत बनाए रखने को कहा। मस्जिदोंध् ईदगाहों के आसपास की लाईट का विशेष ध्यान रखने के निर्देश विद्युत विभाग के अधिकारियों को दिए गए। उन्होंने सिविल सर्जन को निर्देशित किया कि त्यौहार के दौरान अस्पताल एवं जिले के समस्त स्वास्थ्य केन्द्रों पर आकस्मिक चिकित्सा दल की ड्यूटी दवाओं और एम्बुलेंस सहित तैयार रखी जावे।

जिले में नमाज स्थलों पर कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस विभाग के द्वारा बल तैनात रखने के निर्देश दिए। इस अवसर पर कार्यपालिक दंडाधिकारियों और होमगार्ड बल की ड्यूटी भी लगाई जाए। परिवहन विभाग यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे। बैठक में बंटी सलूजा अभिषेक नेमा लाल साहब जाट विनय जैन एड बाबी खान सहित संबंधित विभाग के अधिकारी मौजूद थे।

# अटल विहारी मंदिर में पुरुषोत्तम मास में हो रहे धार्मिक आयोजन

**जागरण गाडरवारा।** तीन वर्षों की प्रतीक्षा के बाद पुरुषोत्तम मास 17 मई से प्रारंभ होकर जारी है। इस मास में नगर के मध्य स्थित श्रीदेव अटल बिहारी मंदिर में प्रतिदिन अनेक धार्मिक आयोजन हों रहे है। इन आयोजनों के होने से माहौल धर्ममय बना हुआ है। मंदिर के पुजारी कमलेश भार्गव ने बताया कि पुरुषोंत्तम मास को अधिक मास भी कहते हैं। मंदिर में प्रतिदिन सुबह 6 बजे से भगवान श्री पुरुषोत्तम जी का निर्माण कर विधिवत पूजन अर्चन मातृशक्ति द्वारा बड़े ही हर्षोल्लास से किया जाता है। प्रतिदिन महिलाएं अपने घरो से तैयार होकर पूजन सामग्री लेकर आती है और विधिवत पूजन कर आरती करती है।



मंदिर में प्रतिदिन पूजन करने आ रही श्रीमति अंजना साहू ने बताया कि हम सभी श्री देव अटल बिहारी युगल सरकार के सानिध्य में पूजन अर्चना करते है। यहाँ उल्लेखनीय है कि पुरुषोत्तम मास का बड़ा ही धार्मिक महत्तव है। मान्यता है पूरे माह में भगवान की आराधना करने से पुण्य लाभ मिलता है। श्रीदेव अटल बिहारी मंदिर में प्रतिदिन पुरुषोत्तम माह के पूजन में श्रीमति कुसुम भार्गव अंजना साहू सोनम साहू मीना साहू रेखा साहू आशा दुबे खुशबू सोनी कल्पना अग्रवाल शकुन अग्रवाल शिखा राठी सुनीता पटेल बीना रावत शिखा सोनी किरण अग्रवाल मंजू कठल मनोरमा गुप्ता सीमा बंसल सरोज कविता पवार सहित अन्य की सहभागिता देखी जा रही है।

## न्यूज कार्नर

### ऑर्डिनेंस फैक्ट्री के पास सड़क हादसा

**जागरण, इटारसी।** ऑर्डिनेंस फैक्ट्री इटारसी के पास बस स्टैंड के आगे एक सड़क हादसा हो गया। ऑर्डिनेंस फैक्ट्री के टाइप-सी क्वार्टर नंबर 137 में रहने वाले मांगीलाल मीना 34 वर्ष, पिता बाबूलाल मीना, ने खुद थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई है। मांगीलाल के मुताबिक, मोटरसाइकिल एमपी 05 एमजेड 9173 के चालक गौरव ने अपने वाहन को तेजी और लापरवाही से चलाते हुए उन्हें टक्कर मार दी, जिससे उन्हें चोटें आई हैं। पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

### बीसारोड़ा में निकाली गंगा कलश यात्रा



**जागरण, इटारसी।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा चयनित नवांकुर संस्था वसुंधरा समाज सेवा समिति बीसारोड़ा सेक्टर 03 नर्मदापुरम ने जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत ग्राम बीसारोड़ा में जल स्रोत की पूजन कर गंगा कलश यात्रा निकाली गई। इस दौरान ग्राम की महिलाओं ने मंगल गीत गाए। इस अवसर पर संस्था प्रभारी नरेंद्र पटेल ने गंगा दशहरा के महत्व की जानकारी दी। जल संरक्षण पर पंचायत सचिव माखन रिछारिया ने सभी को विस्तार से बताया। इस अवसर पर शैलेंद्र चौधरी, दौलत राम यादव, अभिषेक पटेल, संगीत पटेल, नरेश पटेल, देवेंद्र पटेल, राजू बड़कुर, राजकुमार चौरे, सोनिका कनोजिया, प्रांजल चौधरी अनुराधा पटेल वसुंधरा पटेल और बड़ी संख्या में ग्रामवासी शामिल हुए।

### मंडी में लगातार होगा नीलामी कार्य

**जागरण, इटारसी।** रबी सीजन को ध्यान में रखते हुए और क्षेत्र के किसानों की सुविधा के लिए कृषि उपज मंडी समिति इटारसी ने एक बड़ा फैसला लिया है। मंडी प्रांगण में आगामी बुधवार से शनिवार तक निरंतर नीलामी कार्य चालू रहेगा। इस अवधि में मंडी में किसी भी प्रकार का अवकाश नहीं रहेगा, ताकि किसान बिना किसी परेशानी के अपनी उपज बेच सकें। कृषि उपज मंडी समिति के सचिव द्वारा जारी आधिकारिक प्रेस-नोट के अनुसार, 27 मई से 30 मई तक मंडी प्रांगण में नीलामी का कार्य लगातार जारी रहेगा। किसानों की सुविधा और कृषि उपज के सुचारू विक्रय करने के लिए मंडी प्रांगण को पूरी तरह खुला रखा जाएगा।

### पुराने विवाद में लकड़ी और ईंट से मारपीट

**जागरण, इटारसी।** नया यार्ड के पीछे वाली गली में पुराने विवाद को लेकर मारपीट का मामला सामने आया है। मालवीयगंज बूढ़ी माता मंदिर, सरस्वती स्कूल के पास निवासी अभय मांझी 27 वर्ष, पिता सुमेर सिंह मांझी, ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है। फरियादी अभय के अनुसार, पुराने विवाद के चलते आरोपी अजय दुबे ने उन्हें लकड़ी से पीटा और दूसरे आरोपी अरुण दुबे ने उनके सिर पर ईंट से हमला कर दिया। आरोपियों ने उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी।

### गुटका थूकने से मना करने पर मारपीट

**जागरण, इटारसी।** मालवीयगंज वार्ड नंबर 17 में घर के सामने गुटका थूकने से रोकने पर एक शख्स के साथ मारपीट कर दी गई। यहां रहने वाले अनिल मेहरा 40 वर्ष, पिता भैयालाल मेहरा, ने शिकायत दर्ज कराई है कि उन्होंने अपने घर के सामने महेन्द्र वर्मा निवासी इटारसी को गुटका थूकने से मना किया था। इस बात से नाराज होकर आरोपी महेन्द्र ने उनके साथ हाथ-मुक्के से मारपीट शुरू कर दी, उनकी गर्दन पर नाखूनों से नोच लिया और उन्हें जान से मारने की धमकी दी।

### अड़ीबाजी कर मारपीट

**जागरण, इटारसी।** होली चौक पथरोटा निवासी सुशील कुमार चौरे (42 वर्ष), पिता शंकरलाल चौरे, ने खुद थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। फरियादी सुशील के अनुसार, गांव में ही साहू की दुकान के सामने आरोपी मिथिलेश उर्फ नमकीन, पिता रामभरोस चौधरी निवासी पथरोटा, ने उनके साथ अड़ीबाजी करते हुए पैसों की मांग की। जब फरियादी ने पैसे देने से मना किया, तो आरोपी मिथिलेश ने उनके साथ गंदी-गंदी गालियां देकर मारपीट की।

# रेंगता शहर, बेहाल जनता, नो-एंट्री ताक पर, दिनभर भारी वाहनों का कब्जा



**जागरण, इटारसी।** शहर की यातायात व्यवस्था इस कदर वेंटिलेटर पर आ चुकी है कि अब सड़कों पर चलना किसी आफत से कम नहीं है। कुछ साल पहले तक जिन सड़कों पर सुबह 9 बजे से रात 9 बजे तक भारी वाहनों का प्रवेश पूरी तरह निषेध (नो-एंट्री) था, आज वहां दिन दहाड़े सरपट दौड़ते ट्रक और डंपर जाम की मुख्य वजह बन रहे हैं। मुख्य बाजार से लेकर रेलवे स्टेशन, सोनासावरी नाका और लाइन क्षेत्र की सहायक सड़कों तक, पूरा शहर जाम के झाम से कराह रहा है।

जब भी किसी व्यस्त इलाके में भारी वाहन फंसता है, तो घंटों लंबा जाम लग जाता है। मौके पर कोई यातायात कर्मी न होने से लोग खुद ही रास्ता खाली कराने की जद्दोजहद में आपस में भिड़ जाते हैं और विवाद की नौबत आ जाती है। जब तक पुलिस पहुंचती है, मामला बिगड़ चुका होता है। सूरजगंज चौराह और सोनासांवरी रोड पर अक्सर होता ही है।

### नियम हवा-हवाई

एक दौर था जब सिटी पुलिस थाने की यातायात टीम द्वारा शहर के चार प्रमुख एंट्री पॉइंट्स पर नो-एंट्री के बोर्ड लगाए गए थे। लेकिन जैसे-जैसे आबादी बढ़ी, नियम सुधरने के बजाय और बिगड़ गए।

**राजस्व वसूली के लिए बल पर्याप्त :** पुलिस प्रशासन का सबसे विरोधाभासी रवैया तब देखने को मिलता है जब वे बल की कमी की बात कहते हैं। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि हेलमेट जांच, वाहन चेकिंग और चालान काटकर राजस्व (जुर्माना) वसूलने के लिए पुलिस के पास कभी स्टाफ की कमी नहीं होती। सबसे हैरानी की बात यह है कि भारी वाहन जिस रास्ते से शहर के भीतर प्रवेश करते हैं, वह सिटी पुलिस थाने के ठीक सामने से गुजरता है। इसके बावजूद उन्हें रोका नहीं जाता।

#### विभाग की कार्यप्रणाली पर उठते गंभीर सवाल

- **स्टाफ की मौज :** पर्याप्त पुलिस बल होने के बावजूद कोई गाइडलाइन तय करने वाला नहीं है। पूरी टीम सिर्फ सुबह से दोपहर तक सिटी थाने के सामने खड़ी दिखाई देती है।
- **पॉइंट्स का अभाव :** शहर के प्रमुख और व्यस्ततम चौराहों पर एक भी जवान तैनात नहीं रहता, जिससे व्यवस्था चरमरा गई है।

### आज स्थिति यह

प्रवेश मार्गों पर भारी वाहनों को रोकने वाले सांकेतिक बोर्ड गायब हो चुके हैं। मुख्य मार्गों के साथ गांवों को जोड़ने वाली संकरी सड़कों पर भी भारी वाहन बेरोकटोक घुस रहे हैं। पैदल चलने वाले राहगीरों और दोपहिया वाहन चालकों का सड़कों से गुजरना दूभर हो गया है।

### बिना दूल्हे की बारात बनी ट्रैफिक पुलिस

शहर की इस बदहाली का सबसे बड़ा कारण यातायात विभाग का नेतृत्वविहीन होना है। पिछले करीब 4 महीनों से ट्रैफिक प्रभारी का पद खाली पड़ा है।

#### बड़े अधिकारियों की चुप्पी पर सवाल

कहने को शहर के थाना प्रभारी और अनुविभागीय पुलिस अधिकारी दोनों एक ही परिसर में बैठते हैं। अपराध नियंत्रण के साथ-साथ शहर की यातायात व्यवस्था को सुगम बनाना भी इन्हीं की जिम्मेदारी है। लेकिन जिला पुलिस अधिकारियों की इस उदासीनता के कारण अब जनता की उम्मीदें पूरी तरह धुंधली हो चुकी हैं। शहर की जनता अब इस रोज-रोज के नरक से मुक्ति चाहती है। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को तुरंत संज्ञान लेते हुए यहां स्थायी ट्रैफिक इंस्पेक्टर की नियुक्ति करनी चाहिए और नो-एंट्री के नियमों को सख्ती से लागू करना चाहिए, ताकि आम नागरिकों का आवागमन सरल, सहज और सुलभ हो सके।

### इनका कहना है

दोपहर में लंच के समय कुछ देर के लिए ट्रैफिक पुलिस नहीं होती है। इस कारण कभी जाम की स्थिति बन जाती है। हम सख्ती से निर्देश देकर भारी वाहनों के प्रवेश को रुकवाएंगे।

**गौरव सिंह बुंदेला,** थाना प्रभारी

# सांसद के प्रयासों से मिली इटारसी-बीड़ नई पैसेंजर ट्रेन

**जागरण, इटारसी।** क्षेत्र के यात्रियों, किसानों, व्यापारियों और विद्यार्थियों के लिए एक बहुत बड़ी और हर्ष की खबर है। नर्मदापुरम के सांसद दर्शन सिंह चौधरी के विशेष प्रयासों से रेल मंत्रालय ने जनसुविधा को ध्यान में रखते हुए इटारसी से बीड़ के मध्य एक नई पैसेंजर ट्रेन के परिचालन को आधिकारिक स्वीकृति प्रदान कर दी है।

केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने 26 मई 2026 को पत्र जारी कर इस बात की पुष्टि की है कि गाड़ी संख्या 51690/51689 इटारसी-बीड़ पैसेंजर को चलाने की मंजूरी दे दी गई है।

गौरतलब है कि सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने क्षेत्र की जनता और आम यात्रियों की मांग को देखते हुए रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात कर इस नई पैसेंजर ट्रेन को शुरू करने का आग्रह किया था। जनभावनाओं को प्राथमिकता देते हुए रेल मंत्रालय ने त्वरित निर्णय लिया और इस रूट पर नई रेल सेवा की सौगात दे दी। यह ट्रेन शुरू होने से इटारसी और बीड़ के बीच दैनिक यात्रा करने वाले हज़ारों यात्रियों को सीधे तौर पर लाभ मिलेगा।

इस बड़ी उपलब्धि पर जिला विकास सलाहकार समिति के सदस्य प्रशांत अग्रवाल ने खुशी जाहिर करते हुए जनभावनाओं को सर्वोपरि रखने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और सांसद दर्शन सिंह चौधरी का हृदय से आभार व्यक्त किया है।

प्रशांत अग्रवाल ने कहा, यह नई रेल सेवा हमारे क्षेत्र के विद्यार्थियों, किसानों, व्यापारियों और आम जनता के लिए सुविधा के साथ-साथ विकास के नए द्वार खोलेगी। लंबे समय से इस रूट पर एक सुलभ यातायात साधन की जरूरत महसूस की जा रही थी, जो अब पूरी होने जा रही है। इस सौगात से पूरे नर्मदापुरम जिले और रेल मार्ग से जुड़े ग्रामीण क्षेत्रों के नागरिकों में हर्ष की लहर है।

# दीवार पर सिर मारा, कांच का कड़ा लगने से बहा खून, मामला दर्ज

**जागरण, इटारसी।** मालवीयगंज स्थित रमेश राठौर के किराए के मकान में आपसी विवाद में मारपीट हुई। यहां रहने वाली पिंकी राठौर 33 वर्ष, पति अभिषेक राठौर, ने शिकायत दर्ज कराई है कि आरोपी ज्योत राठौर और शशि राठौर ने उनके साथ अभद्रता की। आरोपियों ने गालियां दीं, जिसमें ज्योत राठौर ने उनका हाथ पकड़कर पीछे खींच दिया और शशि राठौर ने मुक्के से मारपीट की। इस दौरान पिंकी का हाथ दीवार पर दे मारा गया, जिससे उनके हाथ में पहना हुआ कांच का कड़ा गड़ गया और खून निकलने लगा। पुलिस मामले की जांच कर रही है। इसी घटनाक्रम में सीताराम चौरे के किराए के मकान में रहने वाली शशि राठौर 62 वर्ष, पति रमेश राठौर, ने भी केस दर्ज कराया है। शशि राठौर की शिकायत के मुताबिक, आरोपी पिंकी राठौर, पति अभिषेक राठौर, ने उन्हें गंदी गालियां दीं, उनकी गर्दन पकड़कर नोंच दिया और पेट में लात मारी। साथ ही आरोपी ने उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी।

### द्वारिकाधीश मंदिर में चल रही भागवत कथा

**जागरण, इटारसी।** श्रीद्वारकाधीश बड़ा मंदिर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के द्वितीय दिवस भागवत किंकर पं. हर्षित बाजपेयी ने मंगलाचरण व्याख्या, शुकदेव जन्म, नारद जन्म एवं महाभारत के प्रसंगों को विस्तार से सुनाया। गंगा दशहरा के पावन पर्व पर गंगा मैया का चरित्र बहुत ही सुंदर और प्रामाणिक तरीके से सुनाया गया। उन्होंने कहा गंगा का प्रवाह पहाड़ों, चट्टानों या किसी भी रुकावट से रुकता नहीं है। गंगा सदैव बहती ही रहती है, ओर गंगा जल का स्वभाव है जीव को शीतलता प्रदान करना जो अपना स्वभाव भी किसी भी स्थिति में बदलती नहीं है। यही समाज को सीखना चाहिए, जीवन में आने वाली किन्हीं भी विपरीत परिस्थितियों में अपना प्रवाह रुकना नहीं चाहिए, और अपना श्रेष्ठ स्वभाव भी बदलना नहीं चाहिए। महाराज ने बताया भगवान राधा कृष्ण का द्रवीभूत, विगलित स्वरूप ही गंगा जल बन गया। वर्ष में एक बार भी गंगा स्नान कर लिया जाय तो पूरे वर्ष उसका असर हम पर रहता है।

#### पार्षद एवं सभापति अमृता ठाकुर की अहम पहल

## संपत्ति कर और दुकान किराए पर पेनल्टी माफ करने लिखा पत्र

**जागरण, इटारसी।** नगर पालिका परिषद इटारसी क्षेत्र के नागरिकों और दुकानदारों को बड़ी राहत दिलाने के लिए पार्षद एवं सभापति अमृता मनीष ठाकुर ने एक अहम पहल की है। उन्होंने मुख्य नगर पालिका अधिकारी को एक पत्र सौंपकर संपत्ति कर और दुकान किराए पर लग रही भारी-भरकम पेनल्टी को माफ कराने की मांग की है। इसके लिए उन्होंने परिषद की बैठक में एक विशेष संकल्प पारित कर शासन को प्रस्ताव भेजने का आग्रह किया है।

श्रीमती अमृता ठाकुर ने पत्र में उल्लेख किया है कि मार्च 2021 के बाद विभिन्न परिस्थितियों के कारण कई नागरिक समय पर टैक्स और किराया जमा नहीं कर सके। वर्तमान में ऑनलाइन प्रणाली लागू होने की वजह से लंबित राशि पर पेनल्टी और अधिभार (सरचार्ज) लगातार बढ़ता जा रहा है, जो कई मामलों में मूल राशि से लगभग दोगुना हो चुका है।

श्रीमती ठाकुर ने बताया कि नगर के अनेक मध्यमवर्गीय और आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों व दुकानदारों के लिए यह एकमुश्त भारी पेनल्टी चुकाना अत्यंत कठिन हो रहा है। जनहित में मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए उन्होंने मांग की है कि नगर पालिका परिषद की आगामी बैठक में इस विषय पर संकल्प पारित कर शासन को भेजा जाए, ताकि नागरिकों को पेनल्टी व अधिभार में विशेष छूट मिल सके और पालिका का बकाया राजस्व भी आसानी से वसूला जा सके। इस पत्र की प्रतिलिपि विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा को भी प्रेषित की गई है।

# मतदाता सूची पुनरीक्षण में लापरवाही का आरोप युवक कांग्रेस ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



**जागरण, इटारसी।** नगर पालिका निर्वाचन के लिए हाल ही में पूरे हुए मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य में भारी विसंगतियों और लापरवाही का आरोप लगाते हुए मध्य प्रदेश युवा कांग्रेस ने मोर्चा खोल दिया है। इस संबंध में युवा कांग्रेस नर्मदापुरम के जिला उपाध्यक्ष गौरव चौधरी (गोल्डी) ने मंगलवार को अनुविभागीय अधिकारी (एसडीएम) इटारसी को एक शिकायती पत्र सौंपकर निष्पक्ष जांच और पुनरीक्षण की अवधि बढ़ाने की मांग की है।

एसडीएम को सौंपे गए पत्र में गौरव चौधरी ने बताया कि 25 मई 2026 को नगर पालिका निर्वाचन की मतदाता सूची के पुनरीक्षण का कार्य पूर्ण हो चुका है, लेकिन इस प्रक्रिया में जमीनी स्तर पर कई गंभीर लापरवाही बरती गई हैं। युवा कांग्रेस ने मुख्य रूप से निम्नलिखित तीन बिंदुओं पर आपत्ति दर्ज कराई है।

**राजनीतिक दलों से संपर्क नहीं :** निर्वाचन आयोग के नियमों के विपरीत, बीएलओ द्वारा किसी भी राजनीतिक दल के बीएलए से संपर्क नहीं किया गया।

**घर-घर सर्वे में लापरवाही :** बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर न तो नए मतदाताओं के नाम जोड़े गए और न ही मृत या स्थानांतरित (शिफ्टेड) मतदाताओं की सही पहचान की गई।

**दोहरे नामों की भरमार :** वर्तमान मतदाता सूची में बड़े पैमाने पर दोहरे (डबल) नाम शामिल हैं, जिन्हें चिह्नित करने में भी लापरवाही बरती गई है।

ज्ञापन में मांग की गई है कि हाल ही में संपन्न हुए विधानसभा और लोकसभा चुनावों के दौरान भारत निर्वाचन आयोग के जिन बीएलओ ने कुशलतापूर्वक मतदाता सूची को दुरुस्त किया था, उन्हीं अनुभवी बीएलओ को नगर पालिका निर्वाचन की मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्य में लगाया जाए। इसके साथ ही, आम जनता और नए मतदाताओं की सुविधा के लिए पुनरीक्षण की अवधि को 15 दिन और आगे बढ़ाया जाए ताकि त्रुटिहीन मतदाता सूची तैयार हो सके।

## महिला कांग्रेस की बैठक में महंगाई और महिला सुरक्षा पर रणनीति तैयार

**जागरण, इटारसी।** जिला कांग्रेस कार्यालय में आज मध्य प्रदेश महिला कांग्रेस की एक महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक प्रदेश महिला कांग्रेस महासचिव व नर्मदापुरम जिला प्रभारी रूपाली शर्मा और जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवाकांत गुड्डन पांडेय की विशेष उपस्थिति में आयोजित की गई।

बैठक में संगठनात्मक गतिविधियों के साथ-साथ महिलाओं से जुड़े प्रमुख मुद्दों पर चर्चा की गई। जिला प्रभारी रूपाली शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि अब सभी बहनों को घरों से निकलकर पार्टी की मजबूती के लिए मैदान में उतरना होगा। उन्होंने प्रदेश में कानून व्यवस्था, महिला सुरक्षा, बेरोजगारी और बढ़ती महंगाई जैसे गंभीर विषयों पर बात रखी। जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवाकांत गुड्डन पांडेय ने महिलाओं को एकजुट होकर कार्य करने का आह्वान करते हुए कहा कि जिले में मातृशक्ति हमेशा सक्रिय रही है और भविष्य में भी उनका निरंतर सहयोग पार्टी को मिलता रहेगा।

इस अवसर पर पूर्व जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष माधवी मिश्रा, प्रदेश महिला कांग्रेस महासचिव नेहा चावरे, नर्मदापुरम नपा की पूर्व अध्यक्ष मीना वर्मा, इटारसी नपा की नेता प्रतिपक्ष रफतजहां सिद्दीक, वरिष्ठ पार्षद सीमा भदोरिया, नगर महिला कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष नसीम खान, पार्षद रामा चंद्रवंशी, अंशु मालवीय, पार्षद वंदना ओझा, जिला कांग्रेस महासचिव रतना गौर, निकिता इरपाचे, खुशबू झलिया और सरोज विश्वकर्मा ने भी संबोधित किया। बैठक में मुख्य रूप से संध्या बस्तवार, अंजलि कलोसिया, माधवी चौरे, रितु चौरे, प्रीति यादव, विनिता बस्तवार, निखत गोलंदास, निशा नागेश, सोनू नागेश और मोनिका झलिया सहित अनेक महिला नेत्रियां उपस्थित थीं।

# बूथ जितना मजबूत होगा, संगठन उतना ही सशक्त होगा : जिलाध्यक्ष शुक्ला



**जागरण, इटारसी।** भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल पुरानी इटारसी द्वारा संगठनात्मक गतिविधियों के तहत मासिक बैठकों का क्रम निरंतर जारी है। इसी कड़ी में आज शक्ति केंद्र क्रमांक 2, सरदार वल्लभभाई पटेल वार्ड क्रमांक 3 एवं 4 की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

बैठक में मुख्य रूप से संगठन को बूथ स्तर तक अधिक सशक्त और सक्रिय बनाने, पार्टी की गतिविधियों के प्रभावी संचालन और केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने की रणनीति पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती प्रीति शुक्ला ने कहा कि बूथ और शक्ति केंद्र संगठन की सबसे महत्वपूर्ण आधारशिला हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन देते हुए कहा कि बूथ जितना मजबूत होगा, संगठन उतना ही सशक्त होगा। कार्यकर्ता सरकार की योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने का कार्य करें। इस संगठनात्मक बैठक में भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती प्रीति शुक्ला, जिला महामंत्री ज्योति चौरे, भाजपा मंडल अध्यक्ष मयंक मेहतो, अतुल शुक्ला, राजकुमार बावरिया, डॉ. पंकज मणि पहारिया, प्रशांत मनवारे, मेहतो और सौरभ चौधरी, रामसिंह बिलाला, निर्दोष तिवारी, जया पाराशर, उमा शुक्ला, अर्चना शुक्ला सहित बलराम सोनी, अनिल तिवारी, दीपक श्रीवास, अनिल चौधरी, दीपक कलोते, विजय चौरे, अंकित मेहतो, हैप्पी सिंह एवं बूथ समिति के तमाम सक्रिय कार्यकर्ता साथी उपस्थित थे।

### रेलवे ने किया स्वच्छता गतिविधियों का आयोजन

**जागरण, इटारसी।** विश्व पर्यावरण दिवस अभियान के अंतर्गत पश्चिम मध्य रेल के भोपाल रेल मंडल में पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता और जन-जागरूकता को लेकर व्यापक गतिविधियों का आयोजन मंडल रेल प्रबंधक पंकज त्यागी के मार्गदर्शन में किया। इसके तहत मंडल के विभिन्न स्टेशनों, शेड और रेलवे स्कूलों में विविध कार्यक्रम आयोजित कर रेल कर्मियों, विद्यार्थियों और आमजन को जागरूक किया गया।

इसके तहत प्लेटफॉर्म, पैदल पुल, ट्रैक्स, यार्ड, वॉटर बूथ और नालियों की व्यापक सफाई कर यात्रियों को स्वच्छ रेल परिसर का संदेश दिया गया। डीजल लोको शेड, इटारसी में शेड की सांस्कृतिक समिति ने पर्यावरण संरक्षण और प्रदूषण नियंत्रण पर एक प्रभावी नुक्कड़ नाटक का मंचन किया। इस अवसर पर वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता (डीजल) पीएस रघुवंशी सहित कई रेल अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

#### आईपीएल | इटारसी क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में इटारसी प्रीमियर लीग में हुए रोमांचक मुकाबले

# दुबे अवेंजर्स, जीनियस और संस्कार ने दर्ज की जीत



**जागरण, इटारसी।** शहर में इटारसी क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित इटारसी प्रीमियर लीग में सोमवार को रोमांचक मुकाबले खेले गए। लीग के तीनों मैचों में खिलाड़ियों ने बल्ले और गेंद से शानदार प्रदर्शन कर अपनी टीमों को जीत दिलाई। विवेक वर्मा, रोहित यादव और संदीप बर्से को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना।

**पहला मैच :** दिन के एक मुकाबले में दुबे इवेंट्स अवेंजर्स ने बी बॉयज आदर्श क्लब को 69 रनों के भारी अंतर से शिकस्त दी। पहले बल्लेबाजी करते हुए दुबे इवेंट्स ने निर्धारित 8 ओवरों में 3 विकेट खोकर 117 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। टीम के लिए विवेक वर्मा ने आतिशी बल्लेबाजी करते हुए मात्र 24 गेंदों में 54 रन बनाए। वहीं अंकित यादव ने 16 गेंदों में 43 रनों की तेज पारी खेली। बी बॉयज की ओर से शिवा यादव ने 4 रन देकर 2 विकेट लिए। 118 रनों के बड़े लक्ष्य का पीछा करने उतरी बी बॉयज आदर्श क्लब की टीम दुबे इवेंट्स के गेंदबाजों के सामने पूरी तरह लड़खड़ा गई और 7.2 ओवरों में महज 48 रनों पर ऑलआउट हो गई। नीलेश भट्ट ने सर्वाधिक 18 रन बनाए। दुबे इवेंट्स के गेंदबाज दिव्यम चौरे ने घातक गेंदबाजी करते हुए 4 रन देकर 4 विकेट चटकाए, जबकि अमन चौरे और जितेंद्र सिंह चौहान को 2-2 विकेट मिले।

**दूसरा मैच :** दूसरे मुकाबले में जीनियस सुपर किंग्स और रिलायबल ग्रुप के बीच टक्कर हुई, जिसमें जीनियस सुपर किंग्स ने बाजी मारी। पहले बल्लेबाजी करते हुए रिलायबल ग्रुप की टीम 8 ओवरों में 7 विकेट के नुकसान पर 55 रन ही बना सकी। टीम की ओर से शेखु खान ने 21 रन और हेमंत रायकवार ने 10 रन बनाए। जीनियस सुपर किंग्स के गेंदबाज सचिन यादव, रोहित यादव और उदय ठाकुर ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 2-2 विकेट झटके। 56 रनों के लक्ष्य को जीनियस सुपर किंग्स ने 6.1 ओवरों में 6 विकेट खोकर हासिल कर लिया। टीम के लिए जैकी ने 12 रन, सचिन यादव ने नाबाद 9 रन और उदय ठाकुर ने नाबाद 7 रन बनाकर टीम को जीत दिलाई। रिलायबल ग्रुप की तरफ से लव दुबे और अमन लालवानी ने 2-2 विकेट लिए।

**तीसरा मैच :** दिन के एक अन्य मैच में संस्कार सुपर जाइंट्स ने इंडियन फाइटर्स के खिलाफ एकतरफा जीत दर्ज की। पहले बैटिंग करने उतरी इंडियन फाइटर्स की टीम ने 8 ओवरों में 7 विकेट खोकर 69 रन बनाए। राहुल कुमार ने 26 रन और गुरुचरण ने 21 रनों का योगदान दिया। संस्कार सुपर जाइंट्स के गेंदबाज संदीप बर्से ने किफायती व मारक गेंदबाजी करते हुए मात्र 2 रन देकर 3 विकेट चटकाए। मोंटी कैथवास को 2 विकेट मिले। 70 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी संस्कार सुपर जाइंट्स की टीम ने विवेक विश्वकर्मा की धमाकेदार पारी की बदौलत 5.2 ओवरों में ही 3 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। विवेक विश्वकर्मा ने मात्र 17 गेंदों में नाबाद 43 रनों की ताबड़तोड़ पारी खेली। सतपाल सिंह ने 14 रन बनाए। इंडियन फाइटर्स के अमित सुलेकिया ने 2 विकेट लिए।

## भाजपा इटारसी नगर मंडल की बैठक में बूथ सशक्तिकरण पर जोर

**जागरण, इटारसी।** भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल इटारसी ने संगठन की मजबूती और आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया। यह बैठक शक्ति केंद्र क्रमांक 2 के अंतर्गत आने वाले वार्ड क्रमांक 15, 16 एवं 17 के कार्यकर्ताओं के लिए आयोजित की थी, जिसमें आगामी संगठनात्मक गतिविधियों के साथ-साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को लेकर विस्तार से रणनीति बनाई गई। बैठक में मुख्य रूप से भारतीय जनता पार्टी की जिला अध्यक्ष श्रीमती प्रीति शुक्ला एवं नगर मंडल अध्यक्ष राहुल चौरे उपस्थित रहे।

### बूथ स्तर तक पहुंचेगी मन की बात

बैठक के दौरान संगठन की आगामी कार्ययोजनाओं और बूथ सशक्तिकरण को लेकर गंभीर चर्चा हुई। जिला अध्यक्ष श्रीमती प्रीति शुक्ला और मंडल अध्यक्ष राहुल चौरे ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि संगठन की असली ताकत हमारे बूथ के देवदुर्लभ कार्यकर्ता हैं। उन्होंने आगामी मन की बात कार्यक्रम को प्रत्येक बूथ तक प्रभावी रूप से पहुंचाने और समाज के हर वर्ग को इससे जोड़ने का आह्वान किया। बैठक में कार्यकर्ताओं से संगठन को और अधिक गतिशील व मजबूत बनाने के लिए सक्रिय सहभागिता निभाने की बात कही गई। इस बैठक में शक्ति केंद्र की संयोजक श्रीमती रेखा मालवीय, सह-संयोजक व मंडल उपाध्यक्ष गोपाल शर्मा, शक्ति केंद्र प्रभारी भरत वर्मा, नगर महामंत्री शैलेंद्र दुबे, सौरभ मेहरा, संगीता मालवीय, उपनिषद दुबे, संदेश मालोनिया, प्रतीक मालवीय, बसंत मालवीय, सोनू पटेल, दिनेश उपाध्याय, रोमी भदौरिया सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।